पौष माह, कृष्ण पक्ष वर्ष, अंक 348 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 04 जनवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।
क्रियायोग
हं क्ष
परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## मुंबई में बढ़ा कोरोना संकट, कक्षा 1 से 9 तक के स्कूल 31 जनवरी तक बंद



**मुंबई।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुंबई में कक्षा 1 से 9 तक के स्कूल 31 जनवरी तक बंद रहेंगे। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने सोमवार को ये आदेश जारी किया। बीएमसी ने कहा कि कक्षा 10 और 12 के लिए स्कूल खुले रहेंगे। मुंबई में स्कूल बंद करने का फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब देश की इस आर्थिक राजधानी में कोरोना के मामले रफ्तार पकड़ रहे हैं।

रविवार को मुंबई में कोरोना के 8 हजार के करीब मामले दर्ज किए गए थे। एक टीवी चैनल को दिए इंटर्व्यू में, मुंबई के नगर निगम के प्रमुख, चहल ने कहा कि मुंबई में कोविड के मामलों में तेजी के बीच, ग्रेड 1 से 8 तक के छात्रों के लिए फिजिकल स्कूल को फिर से शुरू करने का निर्णय 31 जनवरी, 2022 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। कक्षा 9 या उससे ऊपर के छात्र केवल टीकाकरण के उद्देश्य से स्कूल जा सकते हैं। भारत ने सोमवार से 15 से 18 वर्ष की आयु के लोगों का टीकाकरण शुरू किया है। बीएमसी को उम्मीद है कि जनवरी के अंत तक 15 से 18 साल के सभी 4.5 लाख बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। दो सप्ताह की अवधि में मुंबई में संक्रमण दर 1% से बढ़कर 17% हो गई है। रविवार को, मुंबई में 8,000 से अधिक दैनिक कोविड-19 मामले दर्ज किए गए। रविवार को मुंबई में कोविड के मामलों में दैनिक वृद्धि के साथ, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने सभी नागरिकों से अत्यधिक कोविड-उपयुक्त व्यवहार का सख्ती से पालन करने, सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने और भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने की अपील की। दिसंबर के अंतिम सप्ताह से रिपोर्ट किए गए मामलों में वृद्धि के परिणामस्वरूप नवंबर के महीने की तुलना में दिसंबर में मुंबई में कोविड के मामलों में 252% की वृद्धि हुई है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, मुंबई में दिसंबर में कुल 21,585 कोविड मामले दर्ज किए गए, जबकि पूरे नवंबर में केवल 6,125 मामले रिपोर्ट किए गए थे।

## रोज सपने में आते हैं भगवान कृष्ण, कहते हैं बनेगी तुम्हारी ही सरकार : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि भगवान कृष्ण हर रोज उनके सपने में आते हैं और कहते हैं कि सपा की सरकार बनने जा रही है। अखिलेश ने दावा किया कि ऐसा कोई दिन नहीं होता जब जब भगवान उनके सपने में ना आएं। अखिलेश यादव ने कहा, रात में हमारे सपने में आए भगवान। कह रहे थे आपकी सरकार बनने वाली है। एक बार नहीं आए, हर दिन आते हैं। हर दिन, कोई दिन ऐसा नहीं, जिस दिन भगवान हमारे सपनों में आकर ना कहते हों कि आपकी सरकार बनने जा रही है। इनके तो पत्र में लिखा है, हमारे सपनों में हर दिन आते हैं। अखिलेश यादव ने भगवान कृष्ण के सपने में आने की बात बीजेपी सांसद की ओर से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे गए लेटर पर कही। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने पार्टी अध्यक्ष से अपील की है कि सीएम योगी आदित्यनाथ को मथुरा से चुनाव लड़ाया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि भगवान कृष्ण ने ही उन्हें यह खत लिखने को प्रेरित किया है। अखिलेश यादव से इसी को लेकर सवाल किया गया था। अखिलेश ने कहा कि वह विधानसभा चुनाव लड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, जहां से हमारी पार्टी कहेगी हम वहां से चुनाव लड़ेंगे। अगर अखिलेश चुनाव लड़ते हैं तो यह उनका पहला विधानसभा चुनाव होगा।







































## खबर संक्षेप

### प्रधान मड़वा ने जलवाया अलाव, दी हाड़कपाती ठंड से राहत

**प्रतापपुर।** ठंड से लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है इससे लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है।इसको देखते हुए प्रतापपुर क्षेत्र के मड़वा तिराहे पर प्रधान द्वारा ठंड से राहत देने के लिए अलाव जलवाया लोगों को राहत दिया। सभी ने प्रधान की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुये आशीर्वाद दिया सूर्यदेव के दर्शन न होने से लोग दिनभर अलाव से चिपके रहे। किसान फसलों को लेकर चिंतित है गलन व तेज हवा भी बनी रही जिसका असर रहा कि आवश्यक कार्य पर ही लोग घरों से निकलते देखे गए।ठंडी में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित रही राहगीरों ने भी रुक रुक कर अलाव तापा और प्रधान की सराहना किया।

# क्रिकेट के खेल में असीम संभावनाएं : डीआईजी

### कंजासा टीम को आठ विकेट से हरा मोहिनी का पूरा की टीम ने किया सीरीज पर कब्जा

अखंड भारत संदेश



विजेता टीम को कप देते डी आई जी

**घूरपुर।** क्षेत्र के कंजासा गांव में विगत दिनों से चल रहे केपीएल 10 क्रिकेट टूनामेंट में सोमवार के दिन फाइनल मैच जय मां काली स्पोटिंग क्रिकेट क्लब व मोहिनीकापूरा 11 स्पोटिंग क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया । जिसमे कंजासा की टीम को आठ विकेट से परास्त कर मोहिनी का पूरा की टीम ने शील्ड पर कब्जा कर लिया । मुख्य अतिथि डीआईजी/एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया ।

इस मौके पर डीआईजी /एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने खिलाड़ियों के बीच कहा कि कम संसाधन में जिस तरह का खेल दोनो टीमों ने खेला वह काबिले तारीफ है । उन्होंने दोनो टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए माला पहना कर सम्मानित करते हुए कहा कि खेल दोनो टीमों ने अपने पूरे दम खम और जज्बे के साथ खेला ,जीत हार तो खेल में स्वाभाविक है । उन्होंने जीतने वाली मोहिनीकापूरा की टीम को बधाई दी और हारने वाली कंजासा टीम के खिलाड़ियों अच्छे प्रयास के बाद भी हारने पर हौशला भरते हुए कहा कि निश्चित ही कंजासा के खिलाड़ी अच्छे है ,लेकिन उन्हें हारना पड़ा ।हार से हताश नही बल्कि आगे के लिए और ऊर्जा के साथ प्रयास करना चाहिये ।आगे के मैच में निश्चित ही उनकी जीत होगी । क्रिकेट टूनामेंट मैन ऑफ द मैच किशन निषाद व सीरीज शुभम निषाद को दिया गया । कार्यक्रम के आयोजक मंडल में मुकेश द्विवेदी कंजासा समाजसेवी,पूर्व प्रधान उमेश निषाद,प्रधान दिनेश कुमार निषाद, मंतोष निषाद रहे। कार्यक्रम में विख्यात भजन गायक मिश्र बंधु,अभिषेक त्रिपाठी,प्रमुख जसरा अजीत सिंह ,प्रधान शंकरलाल पांडेय,आशीष मिश्र, आलोक त्रिपाठी सहित कई थानों के एसओ व पुलिस फोर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का प्रधान दिनेश कुमार निषाद ने आभार प्रकट किया।

### दीपक पटेल ने थामा सपा का दामन

**कोरांव।** आज चर्चित नेता पटेल समाज पर अपनी पैठ बनाने वाले दीपक पटेल समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय प्रयागराज पर जिलाध्यक्ष योगेश यादव के निर्देश पर लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने जिला सचिव पद पर मनोनीत किया। जिला सचिव ओझा यादव ने बधाई देते हुए कहा कि निश्चित रूप से ऐसे नौजवानों के जुड़ने से 2022 में सपा की सरकार बनेगी वही जिला सचिव राजेश पांडे ने कहा कि दिपक पटेल को जिला सचिव बनाए जाने से जहां एक तरफ नौजवानों में उत्साह वहीं पटेल समाज में काफी प्रभाव पड़ेगा जमुना पार में मेजा करछना कोरांव तथा बारा की सीटो पर जित सुनिश्चित है इसी क्रम जिला पंचायत सदस्य कोरांव विधानसभा प्रभारी सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी में ऐसे संघर्षील नौजवान के जुड़ने से जहां संगठन में मजबूती आएगी वही 2022 का चुनाव समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में कारगर साबित होगा। नगर अध्यक्ष मेहताब खान ने भी बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से इमरान अली बच्चन जायसवाल दलित नेता जिला पंचायत सदस्य दशरथ कोल पूर्व विधायक रामकृपाल कोल ओम सहाय सुमन कोल दीपांशु कोल रामदेव निडर लालजी पाल निराला गुलफाम खान रविंद्र जैसल प्रमोद मिश्र पयासी आशीष मिश्रा हारुन अंसारी इसराइल अली सहित तमाम पदाधिकारियों ने बधाई दिया।

## न्यूज झरोखा

### जसरा सीएचसी में किशोरों को लगाया गया टीका



**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में पन्द्रह से 18 उम्र के किशोरों का वैक्सीनेशन सोमवार से शुरू किया गया। सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने उपस्थित किशोरों से कहा कि वैक्सीन लगवाकर अपने अगल बगल के किशोरों को वैक्सीन के प्रति जागृत करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में सोमवार को 100 लोगों का वैक्सीनेशन के लिए लक्ष्य दिया गया था। जिसमें पहले दिन 40 लोगों ने ही वैक्सीन लगवाये। इसी तरह कोरोना की जांच में 52 लोगों ने आरटीपीसीआर और 22लोगों ने एन्टीजन की जांच के लिए अपना अपना सेम्पल दिया। सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने लोगों को ओमीक्रोन से सुरक्षित रहने के लिए सेनेटाइजर, मास्क व हाथ धुलने को कहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सीमा सिंह, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक पंकज मिश्र,डा०हीरानंदन पंकज पांडेय,वैक्सीनेटर नीशा गौतम,शहबाज, महेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह पटेल,उदयराज सिंह, देवेन्द्र सिंह, शिवम प्रजापति,अर्चना यादव,रमाशंकर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### सर्वेश मिश्रा बने काशी प्रांत के धर्म प्रचार प्रसार विभाग के प्रांत समिति सदस्य



**प्रतापपुर।** विश्व हिन्दू परिषद की दो दिवसीय काशी प्रांत योजना बैठक माघ मेला में संपन्न हुई।जिसमें प्रयागराज के पूर्व विहिप जिलाध्यक्ष सर्वेश कुमार मिश्रा को काशी प्रांत के धर्म प्रचार प्रसार विभाग में प्रांत समिति के सदस्य के रूप में नवीन दायित्व प्रदान किया गया।नवीन दायित्व मिलने पर विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड प्रतापपुर के अध्यक्ष अशोक दुबे, उपाध्यक्ष प्रभात सोनी, कार्याध्यक्ष अरविन्द सिंह, मंत्री किशन पाठक, सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी "याज्ञिक", बजरंग दल संयोजक बृजेश यादव आदि लोगों ने मिश्रा जी को बधाई दिया है।

### माँ सेवा संस्थान की पहल पर मिला जरूरत मंद को कम्बल



**करछना।** माँ सेवा संस्थान के मार्गदर्शक सतीश तिवारी अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को रोकडी ग्राम पंचायत में गरीबों को ठंड से बचने के लिए सामाजिक संस्था रोकडी करछना प्रयागराज के अध्यक्ष विनायक पंडित के प्रयास से तहसील स्तर से मिले कंबल को गाँव के वृद्ध व गरीब लोगों में बांटा घनश्याम तिवारी ,बसुधा आदिवासी , प्रेमकली हरिजन ,कम्बल पाकर गरीब महिलाओं ने संस्थान के सदस्यों के प्रति आभार जताया।

### संगीत के माध्यम से दी गई योजनाओं की जानकारी



**करछना।** तहसील क्षेत्र के भरहा गांव में सोमवार को मान सिंह पटेल संगीत पार्टी ढोढरी के माध्यम से ग्राम सभा भरहा में उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार संगीत के माध्यम से किया जिसमें सौभाग्य योजना, उज्ज्वला योजना, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ आदि के बारे में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर गाव के प्रधान जगजीवन लाल व ग्रामवासी मौजूद थे।

### जसरा प्रधान ने 51 लोगों को बांटा कंबल



**जसरा।** जसरा बाजार में ग्राम प्रधान द्वारा गांव में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को सोमवार को कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण करते हुए प्रधान आशीष कुमार सोनकर ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा करना भगवान की सेवा करना है। बतादें कि सोमवार को 51 असहायों को कम्बल बांटा गया। प्रधान आशीष सोनकर ने कहा कि गरीब असहायों की सेवा करना पुनीत कार्य होता है। प्रधान ने कहा सरकार द्वारा गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय आदि की सारी सुविधाएं सरकार दे रही हैं। जिनका पूरा लाभ असहायों को देने का प्रधान ने संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल,युवा ब्यापार एकता समिति के अध्यक्ष दीपचंद्र मोदनवाल, राम केसरवानी, अश्वनी कुमार, सुशील कुमार केसरी, विपिन यादव,सरस चौरसिया, कमला द्विवेदी,राहुल द्विवेदी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत दूसरा साथी घायल

अखंड भारत सँदेश



घायल साथी की अस्पताल में हो रहा इलाज

**जारी प्रयागराज।** रविवार को बीती रात 9:00 बजे बारा थाना के अंतर्गत पेट्रोल टंकी के समीप ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई बाइक सवार साथी गंभीर रूप से घायल हो गया मिली जानकारी के अनुसार जारी के गडैया कला निवासी मन मूरत पुत्र कमलेश चौधरी (उम्र 22 वर्ष )विशाल कुमार (उम्र 18 )वर्ष पुत्र राजेश कुमार रविवार को रात 9:00 बजे घर बनाने वाला शटरिंग का काम करता है जो कि साइड खत्म करके नारीबारी की तरफ से जारी अपने घर आ रहे थे तभी तेज रफ्तार पीछे से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कमलेश चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई वही बाइक ने सवार दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर पड़ी तो मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी और घायल को जारी के निजी नर्सिंग होम में एडमिट कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है मौके पर बारा पुलिस पहुंच कर ट्रक को कब्जे में ले लिया चालक फरार हो गया मौत की सूचना जब घरवालों को मिली तो घर में कोहराम मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू की।





# पशु आरोग्य मेले में पशुओं को पिलाई गयी कृमिनाशक दवाएं

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भरहरा न्यायपंचायत निरौंधा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेले का आयोजन पशु चिकित्सालय कौंधियारा द्वारा आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं ग्राम प्रधान श्री शिव कुमार विन्द रहे ।कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी कौंधियारा डॉ आर डी राम ने पशुपालन विभाग की महत्वपूर्ण जानकारिया प्रदान की ।डॉ डी के सिंह पशुचिकित्सा अधिकारी जारी ने शल्य चिकित्सा किया ।शिविर में लगभग 750 पशुओं की चिकित्सा,एवम कृमिनाशक दवापान करवाया गया ।मंच संचालन डॉ पंकज त्रिपाठी ने किया। शिविर में पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ कमल सिंह,मो अजहर,रमेश पाल, श्याम कुमार विन्द अर्चना द्विवेदी ने योगदान किया ।शिविर में अतिमहत्वपूर्ण पशुपालक क्रेडिट कार्ड का फॉर्म मौके पर ही भरवाया गया एवम इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

# चौकी इंचार्ज जंघई द्वारा 600 किमी दूर से जंघई के गुमशुदा बच्चे को बरामद किया



**जंघई।** थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा जंघई चौकी इंचार्ज राजकुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में मुकदमा अपराध संख्या 287/21 धारा 363 आईपीसी के तहत गुमशुदा बालक जंघई कस्बा निवासी सनी सोनी पुत्र पिंटू सोनी को उदय ओपन सेल्टर होम तहसील सदर रोड न्यू गांधी नगर गाजियाबाद से बरामद किया ।बरामदगी के बाद सनी सोनी को बाल कल्याण समिति गाजियाबाद के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद सकुशल उसके पिता को सुपुर्द कर दिया गया ।बच्चे को पाकर परिजनों में उत्सव का माहौल है सभी ने चौकी प्रभारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया है ।चौकी प्रभारी द्वारा अपने विश्वस्त सूत्रों के माध्यम से काफी खोजबीन करके बच्चे का पता लगाया गया जिसके कारण बच्चे को सकुशल बरामद करके परिजनों से मिलाया गया जंघई चौकी में कांस्टेबल पवनेश कुमार यादव भी बरामद करने वाली टीम में सहयोगी रहे।

### भगवतपुर में सौ बेड का अस्पताल तैयार, मंत्री ने किया लोकार्पण

**चायल प्रयागराज।** ब्लॉक भगवतपुर में सौ बेड का अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। रविवार को कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इसके बाद अस्पताल का निरीक्षण किया। रविवार दोपहर फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल के साथ पहुंचे कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सौ बिस्तरों के अस्पताल का लोकार्पण किया। सीएमओ डॉ. नानक सरन ने बताया कि संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए ऑक्सीजन प्लांट भी स्थापित हुआ है। अस्पताल के प्रत्येक बेड को ऑक्सीजन पाइप लाइन से जोड़ा गया है। डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्स एवं फार्मासिस्ट आदि तैनात किए गए हैं। ओपीडी के साथ हर सुविधाएं होंगी। इस मौके पर डॉ. राहुल सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. नूर आलम, डॉ. अब्दुल हक, एसडीएम सदर, बीडीओ भगवतपुर, सुरेश पासी, कमलेश गौतम, पवन श्रीवास्तव, दिवाकर प्रधान भगवतपुर, चंद्रभूषण सिंह पटेल, राजेश राय, ज्ञान बाबू केसरवानी, दीनानाथ कुशवाहा, संजय कुशवाहा, रामनरेश पटेल, बलवंत राव ,रामजी शुक्ला, छत्रपति सिंह आदि रहे।

# तालाब में तब्दील हुआ सड़क दुर्दशाग्रस्त

अखंड भारत संदेश





प्रधानमंत्री सड़क योजना की दयनीय हालत

**जसरा।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाया गया मार्ग अब तालाब में तब्दील हो गया है। मार्ग से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बन जाने के बाद उस पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की निगाहें नहीं पड़ रही है। बताते चलें कि दो वर्ष पूर्व बनी घूरपुर--लालापुर मार्ग में जगह जगह गड्ढे हो जाने के कारण चितौरी गांव में सड़क पर पानी भर जाने के कारण वाहनों के साथ ही पैदल आने जाने वाले लोगों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। सड़क के किनारे बसे लोगों को उसी रास्ते से आना जाना पड़ रहा है। इसी तरह सेन्धुवार गांव में भी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। लालापुर से प्रयागराज जाने वालों को भारी परेशानी हो रही है। विभागीय अधिकारियों की इस ओर नजर ही नहीं जा रही है। आज जब प्रधानमंत्री सड़क योजना से बनी सड़क की यह हालत है तो और सड़क भगवान भरोसे ही हैं। आलम यह हो गया है कि वाहन हिचकोले भरते हुए अपने करम पर आंसू बहा रहे हैं। सड़कों की ऐसी स्थिति भारी वाहनों के चलने से हो गई है। देखिए कब तक यह मार्ग चलने लायक बन पायेगा।

# ग्राम प्रधानों की समस्या दूर करेंगें : शीपू गिरी

अखंड भारत संदेश

**ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव अपना अपना डोंगल अपने पास रखें : आलोक सिन्हा**

**एन आर एल एम के कार्य गांवों में सर्वाधिक कराएं प्रधान गण : मनरेगा डी सी प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज शीपू गिरी आई ए एस ने कहा कि ग्राम प्रधानों की आ रही शिकायतें समस्याएं दूर कर दी जायेंगी। उक्त बातें अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेस के उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी एवम प्रयागराज मंडल के महा मंत्री शहजादे प्रधान अल्हवा के नेतृत्व में कई ग्राम प्रधानों द्वारा मुलाकात कर प्रधानों के अधिकार कर्तव्य में अनदेखी किए जाने आदि प्रमुख समस्याओं से संबंधित पत्र देने के दौरान श्री गिरी ने कही। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत अल्हवा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमितता बरतने पर हुई शिकायत पर आपूर्ति अधिकारियों द्वारा जांच कार्यवाही के पश्चात जारी उचित दर विक्रेता अल्हवा को आरोप पत्र के बाद महीनों से आपूर्ति विभाग के कार्यवाही के बजाय उप जिलाधिकारी स्तर से इंटर फेयर कर निलंबित न किए जाने उक्त कोटेदार द्वारा सरकारी जमीन पर अनाधिकृत कब्जा करने आदि पर कोई कार्यवाही न किए जाने पर प्रधान द्वारा एक सप्ताह के अंदर त्याग पत्र दे दिए जाने की नोटिस जिलाधिकारी,कमिस्नर और एसडीएम को तथा सी डी ओ को देने पर जिला पूर्ति अधिकारी प्रयागराज को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रधानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। और न ही आपका अपमान होने दिया जाएगा। संगठन ने कोराव ब्लॉक में कई ग्राम सचिवों की शिकायतों पर एक्शन लेते हुए डी पी आर ओ प्रयागराज को तत्काल एक्शन लेने का आदेश दिया। और कहा कि सचिव और प्रधान अपने अपने डोंगल अपने पास रखें। साथ ही मटेरियल कास्ट प्राक्कलन में पुराने और वर्तमान में मांगें होने पर भी चर्चा हुई। श्री शीपू गिरी ने प्रधान अल्हवा से कहा की आपको त्याग पत्र नहीं देना होगा। दोषियों के विरुद्ध संबंधित को लिखा जा रहा है। सत्येंद्र त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि भूमि प्रबंधक समिति और पंचायतीराज ऐक्ट में निहित प्राविधानों के तहत शिकायतों प्रस्तावों पर उप जिलाधिकारी कोरांव या कोई भी एस डी एम या आपूर्ति अधिकारी ब्लॉक अधिकारी कर्मी अनदेखी और शोषण करेगा तो उसे संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा,और ऐसे मनमाने अफसरों को संगठन घेराव कर सासन स्तर से ठीक कराने में सक्षम है। इसी प्रकार जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने भी मनमानी कर रहे सचिवों को विभागीय कार्यवाही किए जाने का संगठन को अश्वधान दिया। इसी तरह डी सी मनरेगा प्रयागराज से कच्चे कार्य के अतिरिक्त पक्के कार्य ब्लाकों में न कराए जाने की शिकायत की गई। जिस पर उन्होंने एन आर एल एम के तहत ज्यादा से ज्यादा कार्य सर्व प्रथम कराए जाने की बात कही।

### क्या बोले संगठन के नेता...

में पहले पूर्व में दिए गए मांग पत्रों के सापेक्ष्य ब्लॉक अधिकारी और जिले के अधिकारी क्या एक्शन लेते हैं इस को देख रहा हूं। साथ ही ग्राम प्रधान अल्हवा और मंडल के मंत्री शहजादे जी से कहूंगा कि इस्तीफा न दें। पहले जिले के मंडल के अफसरों के फैसले आने दें जिस पर चेतावनियां दी गई हैं। संगठन किसी भी तरह से मनमानी करने वाले अफसरों से निपटने में सक्षम है।



शीपू गिरी- सीडीओ



आलोक सिन्हा



कपिल कुमार



सत्येन्द्र त्रिपाठी

# आदिवासियों में आक्रोश, नहीं करेंगें मतदान

**कोराव।** कोराव विधान सभा अंतर्गत ग्राम पंचायत अल्हवा विकास खंड कोराव प्रयागराज के खाश तौर से कोल मतदाता जन प्रतिनिधियों से गांव के विकास को लेकर की गई अनदेखी से खासे नाराज हैं,साथ ही विधान सभा में मतदान नहीं करने का फैंसला किया हैं। बता दें कि ग्राम पंचायत अल्हवा के कोलान बस्ती में करीब पंद्रह वर्ष पूर्व महुली आम मार्ग से अलहवा कोलान बस्ती तक करीब आठ सी मीटर काली रोड तत्कालीन विधायक मेजा रामकृपाल कोल ने तत्कालीन ग्राम प्रधान अल्हवा बसीपुर अजीज अहमद उर्फ अच्छे की पैरवी पे पूर्वांचल विकास निधि से निर्मित करवाया था। और उद्घाटन भी किया था। शेष मार्ग प्रधान अच्छे मियां ने मुश्हरान बस्ती तक करीब डेढ़ किलो मीटर तक डब्ल्यू बीएम मार्ग ग्राम पंचायत निधि से निर्मित कराया था। किंतु तब से दसों साल तक बने ग्राम प्रधानों ने न ही विधायकों सांसदों ने उक्त कोल मुहल्ले अथवा अल्हवा की सड़कों की मरम्मत कराने को कोई सौंचा ही नहीं। गांवों की मार्गों की नवइयतें ही बदल गई हैं। आना जाना लोगों का दुश्वार हो गया है। बरसात में नाली मार्ग निर्माण मरम्मत के अभाव में तो घरों में पानी घुस जाता है। कई घर भी गरीबों के ढह गए किंतु सासन स्तर से कोई मदद मांगों के बावजूद नहीं मिली। और न ही कोई गांवों के हालात को देखा परखा। लोगों की बातों पे गौर करें तो जिन जिन ग्राम प्रधानों ने अजीज अहमद सिद्दीकी प्रधान के बाद चुने गए कोई नया विकास कार्य नहीं कराए। बल्कि कागजों पर विकास कार्य दिखा दिखा कर ग्राम विकास का धन डकार गए।

**क्या बोले मतदाता...**

रामाश्रे कोल ग्राम पंचायत सदस्य अल्हवा ने बताया कि इस बार किसी पार्टी के नेताओं को वोट नहीं देंगे आदिवासी। क्योंकि नेताओं ने गांव की स्थिति देख कर भी मार्गों की मरम्मती करण तक नहीं कराया नया निर्माण तो दूर रहा।

**रामासरे कोल,सदस्य ग्राम पंचायत अल्हवा**

आज मेरे ग्राम पंचायत अल्हवा में जितने भी विकास हुए हैं ये शहजादे पत्रकार के भाई पूर्व प्रधान और पत्रकार की देन है। अन्यथा किसी ने कोई विकास नहीं किया,और न ही कोई विधायक सांसद ने ध्यान दिया। वर्तमान प्रधान शहजादे जी ने गांवों के काया कल्प शुरू किया है जो ग्राम पंचायत निधि से हो रहा है। किंतु बिना विधायक आदि के बजट के मार्गों की नवाइयतें नहीं सुधर सकती।

**श्रीमती शीला कोल,ग्राम अल्हवा**

बोले ग्राम प्रधान...

ग्राम पंचायत में विकास नाम की कोई चीज ही नहीं थी। मेरे भाई पूर्व प्रधान के कार्यकाल के बाद कोई नया विकास कार्य किसी नेता प्रधानों ने नहीं किया । मैंने विधायक सांसदों से भी चिट्ठी लिखवाई स्वयं पत्राचार नेताओं मुख्य मंत्री तक किया किंतु कोई सुनवाई अमल में नहीं दिखी। फिर भी मैंने ठाना है कि अपने विवेक से अपने बलबूते निधि तथा मनरेगा से गांवों का समग्र विकास करूंगा।सासन द्वारा मनरेगा द्वारा भी उतना कार्य की स्वीकृति राजनीतिक दबाव पर नहीं दी जा रही कि ग्राम्य विकास में चार चांद लगा सकूं। सांसद विधायक जी को भी मांग पत्र दिया,किंतु निर्माण कार्य किसी विभाग ने नहीं शुरू की। इतनातक कि जिला पंचायत अध्यक्ष तक को मेरे अल्हवा के कार्यक्रम में आने से रोका जाने लगा,किंतु फिर भी वे आए और ग्राम की समस्याएं ले कर देख कर गए।

**अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान अल्हवा कोराव**

# दुर्घटना दावा में 24 लाख, 80 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुर्घटना दावा में याची को 24 लाख, 80 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश इंश्योरेंस कंपनी को दिया है। इसके साथ ही मुआवजे की रकम पर दावे केदिन से साढ़े सात फीसदी की दर से ब्याज देने को कहा है। यह फैसला न्यायमूर्ति डॉ. कौशल जयंत ठाकर और न्यायमूर्ति अजय त्यागी की खंडपीठ ने सुनाया है।

हाईकोर्ट बनी दुबे की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने मामले में मुआवजे की रकम तय करने केलिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दो आदेशों का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम महेश कुमार और जितेंद्र बनाम न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में दिए गए निर्णय को यहां पर लागू माना जाएगा। इसी फैसले के आधार पर कोर्ट ने याची को 24 लाख, 80 हजार रुपये का मुआवजा निर्धारित किया। साथ ही कहा कि इंश्योरेंस कंपनी को मुआवजे की इस रकम पर दावे के दिन से साढ़े सात फीसदी की दर से ब्याज भी देना होगा। इंश्योरेंस कंपनी को यह मुआवजा 12 सप्ताह में देना होगा। कोर्ट ने याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के आदेश को आंशिक रूप से परिवर्तित कर दिया। मामला इलाहाबाद जिले का है। याची 2010 में दुर्घटना की चपेट में आकर विकलांग हो गया। मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण इलाहाबाद ने मुआवजे की राशि 15 लाख, 72 हजार, 848 रुपये अवार्ड की थी। याची ने प्राधिकरण के फैसले को चुनौती देते हुए मुआवजे की रकम बढ़ाकर देने की मांग की थी। याची के अधिवक्ता ने अपने तर्क में सुप्रीम कोर्ट ने दिए गए फैसले का हवाला दिया।

# क्रियायोग आध्यात्मिक विज्ञान सभी विज्ञानों का विज्ञान : स्वामी श्री योगी सत्यम



क्रियायोग की शिक्षा देते स्वामी श्री योगी सत्यम



ध्यान कक्ष में बैठे साधक

अनूप मिश्रा

**प्रयागराज।** झूंसी स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान, में देश-विदेश के साधक सत्य की खोज में निरंतर लगे हुए हैं ' क्रियायोग गुरु श्री योगी सत्यम ने बताया कि क्रियायोग आध्यात्मिक विज्ञान सभी विज्ञानों का विज्ञान है ' तथा आश्रम में मौजूद साधक सत्य की अनुभूति में निरंतर सुबह शाम साधना करते रहते हैं ' तथा यह भी बताया कि क्रियायोग अभ्यास से सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं ' आध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है, कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं ' ज्ञान, शक्ति, शांति , आनंद , नाम -यश, अन्तर व बाह्य धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है ' क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान ,शक्ति, शांति, आनंद , धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं ' इसी प्रकार क्रियायोग के सिद्धांतों पर चलने वाला हर सामान्य व्यक्ति दृश्य जगत में रह कर परब्रह्म की अनुभूति करने लगता है । योगी सत्यम् जी वैज्ञानिक तरीके से सभी को स्पष्ट कर रहें हैं कि सभी रचनाओं में मानव की रचना अद्भुत है। मनुष्य में सिर ( जड़ ) ऊपर और रीढ़ व अन्य भाग ( तना ) नीचे है, यह रचना निरन्तर अनुसंधान के लिए है। सत्य का अनुसंधान सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान है क्योंकि सत्य की अनुभूति के बिना स्वम में चिर शान्ति, सर्वज्ञता, सनातनता, अमरता, सर्वव्यापकता, आनन्दत्वम्, की अनुभूति , सम्भव नहीं है। मृत्युन्जय महावतार बाबा जी ने सिद्ध कर दिया है कि सत्य अनुभूति के लिए मनुष्य को व्याधिरहित 10 लाख वर्ष की आवश्यकता होती है। एक जन्म में सत्य की अनुभूति के लिये महावतार बाबा जी ने लुप्त क्रियायोग को पुनर्जीवित किया। महावतार बाबा जी ने स्पष्ट किया है कि इसके सम्यक अभ्यास से अल्प काल में (3,6,12,18,24,48 वर्षों में ) ही मनुष्य को सत्य की पूर्ण अनुभूति हो जाती है। सत्य अनुभूति का अभिप्राय, अमरता की अनभूति, अपने सनातन अस्तित्व की अनुभूति, नित्य नये ज्ञान- शक्ति-शान्ति- आनन्द की अनुभूति से है। आदिकाल से परम सत्य की खोज मानव की विशेषता रही है ' सांच को आंच नहीं, एक सत्य सूत्र है। शारीरिक बीमारियां, मानसिक अशांति और अज्ञानता के विविध आयाम को आंच कहते हैं ' क्रियायोग से पूर्ण एकता स्थापित होने पर मनुष्य अनुभव करता है कि परब्रह्म-अद्वैत, नित्य, पूर्ण, अनादि, अनंत,सर्वज्ञ, सर्वव्यापी ,सर्वशक्तिमान व अमर है ' अविद्या - विद्या, व मृत्यु - अमरता विषयो पर प्रतिदिन प्रशिक्षण के साथ अभ्यास कराया जा रहा है। क्रियायोग अविद्या से मुक्ति का विज्ञान है' जो अस्तित्व में नहीं है, उसके अस्तित्व के बारे में भ्रांत धारणा अविद्या है। मृत्यु व मृत्युलोग के अस्तित्व को स्वीकार करना माया के अस्तित्व को स्वीकार करना है और यही सभी कष्टों का कारण है। क्रियायोग से सम्यक जुड़ने से माया का प्रभाव निष्क्रिय हो जाता है और अनुभव होता है कि हम निरन्तर सत्य व अहिंसा से जुड़े थे, जुड़े हैं और जुड़े रहेंगे।

# मुख्यमंत्री के आह्वान पर मेजा ब्लाक में आयोजित हुआ आंगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मेलन

## लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से महिलाओं को किया गया जागरूक



सम्मेलन में आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जागरूक करती सीडीपीओ मीरा पटेल

**मेजा।** प्रदेश के मुखिया के आह्वान पर सीडीपीओ मेजा के नेतृत्व में ब्लाक मुख्यालय मेजा के सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने एवं सही तरीके से खानपान के प्रति जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देश पर सोमवार को ब्लाक मुख्यालय मेजा के सभागार में बाल विकास परियोजनाधिकारी मेजा मीरा पटेल की अगुवायी में क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री का लाइव स्ट्रीमिग दिखाया गया। इस दौरान लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने के साथ-साथ पुष्टाहार के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र भी शिकरत किये। सम्मेलन में कोविड-19 प्रोटोकाल का भी बखूबी पालन किया गया। इस मौके पर उमा सिंह, सरिता जायसवाल, विकास कुमारी, सुनीता देवी, सरला, सुनीता गोपाल, ज्योति, संजू, बसंती, रूपा वर्मा, सोनी, अरूणा, सुनीता यादव, इन्द्रावती तथा राजकुमारी आदि के अलावा कई अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकायें मौजूद रही।

# एचटीसी क्लासेज में धूमधाम से मना नववर्ष



मेजा। मेजारोड स्थित एचटीसी क्लासेंज में नववर्ष का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने आगाज करने वाले नववर्ष 2022 का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि एचटीसी क्लासेज के संचालक मुकेश सर एवं सचिन शुक्ला के संयुक्त निर्देशन में बीते एक जनवरी को उक्त कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न कम्पटीशन के छात्र-छात्रायें शामिल रही। इस मौके पर अनूप चक्रवर्ती, अजय कुमार प्रजापति, नीतू प्रजापति, निर्मला प्रजापति, रोहित, आशुतोष, गनन शर्मा, विवेक, सुहैल सहित कई अन्य छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

# सपा नेता नरेन्द्र सिंह ने प्रशासन से किया अलाव जलवाने की माँग



**मेजा।** बढ़ती सर्दी एवं कंपकंपाते शीतप्रकोप के चलते आम जनजीवन ठंड से प्रभावित हो रहा है। ऐसे मे लोंगो को राहत देने के लिए प्रशासन तत्काल बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था करे। उक्त माँग करते हुए सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने उपजिलाधिकारी मेजा से तत्काल प्रभाव से मेजा, मेजारोड, सिरसा, अमिलहवा, रामनगर, परानी पुर, मिश्रपुर, चिलबिला, शुक्ल पुर, ऊचडीह, सोनारकातारा, जवनिया, मोनाई, उरूवा, दिघिया, नहवाई, भारतगंज, माण्डा खास, खवासकातारा, सुरमादलापुर सहित सभी बाजारों, कस्बों एवं बड़ी आवादी वाले गाँवों मे अलाव जलवाने की माँग किया है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने की बैठक

**जसरा।** भाजपा युवा मोर्चा ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक किया। बैठक में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडेय ने जिले के सभी पदाधिकारी व मंडल के सभी पदाधिकारियों को सूचना देते हुए सशक्त किया कि वे अपनी अपनी जिम्मेदारी को महसूस करें और अपने विधानसभा व अपने मंडल में अहम भूमिका को निभाएं। बैठक में महामंत्री अशोक कुमार व मंत्री जयव्रत व जिले के सभी पदाधिकारी व मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी सचिन श्रीवास्तव ने दी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कचरी वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत कचरी विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 02-01-2022 से दिनांक 06-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत कचरी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 07-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 07-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | गुलाब केसरवानी के घर से युवराज के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (केन्द्रीय वित्त) | 2.50 लाख | 1 माह |
| 2. | अमरजीत ओझा के घर से अण्डरग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य (मनरेगा) | 1.00 लाख | 1 माह |

धर्मराज सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कचरी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2021-22/ दिनांक

राम सकल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कचरीं
वि0 ख0 करछना प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत ककरम करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत ककरम विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 14-09-2021 से दिनांक 17-09-2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत ककरम में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20-09-2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20-09-2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कायकल्प कार्य | 5 लाख | 1 माह |
| 2. | कृपाशंकर के घर से विजय बहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 60 मीटर X 2.5 मीटर | 1.90 लाख | 1 माह |
| 3. | खडंजा से विदेहनाथ के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 60मीटर X 3 मीटर | 1.98 लाख | 1 माह |
| 4. | पंचायत भवन का मरम्मत कार्य | 7.95 लाख | 2 माह |
| 5. | पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इण्टरलाकिंग कार्य 120 मीटर X 2.5 मीटर | 4 लाख | 2 माह |

दीक्षा मिश्रा
प्रधान
ग्राम पंचायत ककरम
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/ दिनांक 24.08.2021

मनीष सिंह
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ककरम
वि0 ख0 करछना प्रयागराज



## कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद-कौशाम्बी

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद भरवारी के भवन संख्या/भूमि के स्वामियों के क्रेतागणों/वारिसानों तथा पारिवारिक बटवारा व अन्य संबंधियों का सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों /भूमि के नाम के परिवर्तन की कार्यवाही कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी में विचाराधीन है। आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण पत्रों सहित विज्ञापन के प्रकाशन के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद भरवारी में आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी। जिसकी कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

| क्र. सं. | नाम मुहल्ला/ वार्ड सं. जहां पर भवन/ भूमि स्थिति है | भवन/भूमि स्वामी का नाम | जिसक पक्ष में भवन/भूमि पर नाम परिवर्तन होना है। | अन्य/अभिलेख के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मौजा सिधिया आमद करारी परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी | श्री शिव बाबू पुत्र वासदव व रामचन्द्र पुत्र महाबीर व रमेश व राकेश पुत्रगण झुरई निवासीगण मौजा सिंधिया आमद करारी परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी | श्री राधेश्याम मौर्य पुत्र श्री चन्द्रपाल निवासी नई बाजार भरवारी पोस्ट भरवारी परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी | श्री राधेश्याम मौर्य पुत्र श्री चन्द्रपाल निवासी नई बाजार भरवारी पोस्ट-भरवारी परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी के द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति में अंकित दिनांक 16-05-2000 के अनुसार श्री शिवबाबू पुत्र वासदेव व राम चन्द्र पुत्र महावीर व रमेश व राकेश पुत्रगण झुरई निवासीगण मौजा सिंधिया आमद करारी परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी से प्लाट/भूमि क्रय किया गया है। जिसमें रजिस्ट्री बैनामा में अंकित पन्ना संख्या 4-5 के अनुसार प्लाट/भूमि मौजा सिंधिया आमद करारी परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी में स्थिति है जो कि दो किता प्लाटट आपस में एक दूसरे से मिले हुए जिसमें से पहला प्लाट उत्तर से दक्षिण को चौड़ा 10 फिट दोनो ओर व पूरब से पश्चिम को लम्बा 16 फिट 5 इंच दोनो ओर व इसी प्लाट से मिला हुआ पीछे की ओर दूसरा प्लाट जोकि उत्तर से दक्षिण को 23 फिट लम्बा जानिब पूरब ओर व पूरब से पश्चिम को दोनो ओर 14 फिट चौड़ा है। दोनो प्लाट कुल 45 वर्गमीटर है पहल प्लाटह की चौहद्दी पूरब विक्रीत दूसरा प्लाट पश्चिम महेवा रोड उत्तर चकमार्ग दक्षिण छोटो का मकान है तथा दूसरा प्लाट की चौहद्दी पूरब गुलाब चन्द्र व गंगा सेवक का खेत पश्चिम विक्रीत पहला प्लाट व छोटे का मकान उत्तर चकमार्ग दक्षिण प्लाट भगौती प्रसाद का स्थिति है। उक्त प्लाट/भूमि पर श्री राधेश्याम मौर्य पुत्र श्री चन्द्रपाल का नाम दाखिल खारिज रजिस्टर/अभिलेख में दर्ज करने हेतु अभी विचाराधीन है। अगर इस सम्बन्ध में श्री शिवबाबू पुत्र वासदेव व रामचन्द्र पुत्र महावीर व रमेश व राकेश पुत्रगण झुरई व उनके परिवार के किसी भी सदस्य एवं अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के दिनांक से 35 दिवस के अन्दर साक्ष्य/अभिलेख के साथ कार्यलय नगर पालिका परिषद भरवारी में आपत्ति दर्ज कराये। समय के अन्तर्गत आपत्ति प्रापत न होने पर श्री शिवबाबू पुत्र वासदेव व रामचन्द्र पुत्र महावीर व रमेश व राकेश पुत्रगण झुरई का नाम काट/निरस्त करते हुए उक्त प्लाट/भूमि पर श्री राधेश्याम मौर्य पुत्र श्री चन्द्र पाल का नाम नगर पालिका परिषद भरवारी के खसरा/दाखिल खारिज पंजिका में दर्ज कर दिया जायेगा। जिसकी कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी की कोई जिम्मेदारी नही होगी। |

पत्रांक: 1342/न.पा.परि.भ./दा. खा./नामान्तरण सूचना/2021/ दिनांक 24-11-2021

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, भरवारी, कौशाम्बी



समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रा नर्सिंग होम
डा. आर. के. सिंह
प्रबन्धक
24 घण्टे इलाज की सुविधा
रामभवन चौराहा, शंकरगढ़, प्रयागराज
2022

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. सिद्धार्थ कुमार
दीक्षा आप्टिकल्स
डा. गोपाल वार्ष्णेय
साधू कुटी चौराहा, नियर चनैनी, करछना, प्रयागराज
2022

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती संगीता
पत्नी नीरज सिंह यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामनगर
विकास खण्ड-उरुवा, मेजा, प्रयागराज
2022

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित राय
अवर अभियन्ता
जनहित में बिजली बचायें
नैनी, प्रयागराज
2022

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
बृजेन्द्र कुमार चावला
शिवराजपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज
2022

समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
सूफी आशिक बाबा
सभी समस्याओं का निःशुल्क समाधान के लिए संपर्क करें।
नोट : खोए हुए व्यक्ति को हर हाल में मिलाना, ऊपरी बाधा से परेशान और उसका नि:शुल्क समाधान कराना, वैवाहिक जीवन में समस्त कष्टों को दूर करना, जिन पुरुष व युवती की शादी में किसी प्रकार का कोई रुकावट आ रहा है तो, उसका भी समाधान किया जाता है सभी समस्याओं का समाधान समय से कर दिया जाता है 30 वर्षो का अनुभव प्राप्त।
पताः एडीए कालोनी, पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज
मोबाइल नंबरः 9793403230, 9335128224

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
2022
पुष्पराज सिंह
ग्राम प्रधान (ग्राम पंचायत बढ़ैया)
एवं अध्यक्ष प्रधान संघ वि. ख. शंकरगढ़
गुलाब सिंह
ग्राम प्रधान (ग्राम पंचायत पगुआर)
एवं मीडिया प्रभारी प्रधान संघ शंकरगढ़, प्रयागराज

# दूसरे टेस्ट में कप्तानी मिलते ही केएल राहुल ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट जोहानिसबर्ग के द वांडरर्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने टॉस जीता और विराट कोहली की गैर मौजूदगी में कप्तानी कर रहे केएल राहुल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। दूसरे टेस्ट में कप्तान बनते ही राहुल ने अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इसके साथ ही राहुल पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन और सुनील गावस्कर के साथ स्पेशल क्लब में शामिल हो गए हैं। नियमित कप्तान विराट पीठ में तकलीफ के चलते कोहली दूसरा टेस्ट नहीं खेल रहे हैं। वह जल्द ही ठीक होकर तीसरे टेस्ट में खेलते नजर आ सकते हैं। विराट की गैर मौजूदगी में राहुल को दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा के टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद राहुल को टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाया गया था। लेकिन अब विराट के बाहर होने के बाद उन्हें जोहानिसबर्ग टेस्ट में टीम की कमान सौंपी गई है। यह पहली बार है कि राहुल किसी फॉर्मेट में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं। टेस्ट मैच के बाद राहुल तीन मैचों की वनडे सीरीज में भी कप्तानी करेंगे, जो ?कि 19 जनवरी से खेला जाएगा। रोहित के पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण राहुल को वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई है।

## मोहम्मद अजह ?रुद्दीन और सुनील गावस्कर के स्पेशल क्लब में हुए शामिल



कप्तान बनते ही राहुल 1990 में अजहरुद्दीन के बाद पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने सीमित ओवरों में कप्तान बनने से पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम की कमान संभाली है। उनसे पहले सुनील गावस्कर, बीएस बेदी, अजीत वाडेकर ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। राहुल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद कहा, हर भारतीय खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने देश की कप्तानी करे। वास्तव में टीम की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमने यहां कुछ अच्छी जीत हासिल की है और उम्मीद है कि हम इसे जारी रखेंगे।

# दूसरे टेस्ट में फिफ्टी जड़ते ही विराट कोहली और सौरव गांगुली जैसे दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हुए केएल राहुल



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी कर रहे लोकेश राहुल ने इस मुकाबले में अपने करियर का 13वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 128 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से अपनी फिफ्टी पूरी की। विराट कोहली की गैर मौजूदगी में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे 29 साल के राहुल 133 गेंदों पर 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने हनुमा विहारी के साथ 42 और ऋषभ पंत के साथ 25 रनों की शानदार साझेदारी की। बतौर कप्तान अपने पहले टेस्ट में अर्धशतक लगाने के साथ ही राहुल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। राहुल अब उन भारतीय कप्तानों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने बतौर कप्तान पहले ही टेस्ट में अर्धशतक लगाया है। राहुल से पहले, विजय हजारे 1951 में (नाबाद 164 रन), सुनील गावस्कर (116 रन) और विराट कोहली (115 रन) बतौर कप्तान अपने पहले टेस्ट में फिफ्टी जड़ चुके हैं। उनके अलावा सौरव गांगुली (84 रन), चंदू बोर्डे (69), हेमू अधिकारी (63) और नारी कॉन्ट्रैक्टर (62) भी अपने बतौर टेस्ट कप्तान अपने पहले मैच में अर्धशतक लगा चुके हैं। राहुल साथ पांचवें ऐसे भारतीय कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने पारी की शुरूआत करते हुए 50 से अधिक का स्कोर बनाया है। सुनील गावस्कर इस लिस्ट में सबसे आगे हैं, जिन्होंने 25 मौकों पर यह आंकड़ा पार किया है। ठेकेदार (4 बार), राहुल द्रविड़ (2 बार) और वीरेंद्र सहवाग (2) भी ऐसा कर चुके हैं।

# दो चैंपियन के साथ ट्रेनिंग करते नजर आए शिखर धवन, रोहित शर्मा और भुवनेश्वर कुमार के साथ फोटो वायरल




**नई दिल्ली।** हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक एकदिवसीय सीरीज के लिए भारत क्रिकेट टीम की घोषणा की गई थी। इसके बाद इस टीम के सदस्य अपनी ट्रेनिंग सेशन शुरू करने के लिए मुंबई में इकट्ठे हुए थे। इस बीच सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्रेनिंग सेशन की एक तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। जिसमें शिखर के अलावा धाकड़ बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह तस्वीर काफी वायरल हो रही है। धवन ने अपने पोस्ट में लिखा की इन दोनों चैंपियन (रोहित शर्मा और भुवनेश्वर कुमार) को देखकर अच्छा लगा। इनके साथ ट्रेनिंग करना हमेशा मजेदार होता है। इस फोटो पर लोगों के खूब कमेंट और लाइक्स मिल रहे हैं।

मालूम हो कि शुक्रवार को क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की थी। अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने केएल राहुल को कप्तान बनाया है क्योंकि रोहित शर्मा चोट के कारण बाहर हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सीरीज के उपकप्तान होंगे। शिखर धवन ने उस टीम की कप्तानी की थी जिसने श्रीलंका का दौरा किया था और अपनी जगह बरकरार रखी थी। रुतुराज गायकवाड़ उन्हें भी दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए बरकरार रखा गया। गेंदबाजों में मोहम्मद शमी को आराम दिया गया है जबकि अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा अनफिट हैं। बता दें कि यह एकदिवसीय श्रृंखला 19 जनवरी से शुरू होगी। फिलहाल, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच चल रहा है। इस टेस्ट सीरीज में भारत 1-0 से आगे है।

# इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेते ही भ्रष्ट खिलाड़ियों पर बरसे मोहम्मद हफीज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने की सोमवार को घोषणा करने वाले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने कहा कि खेल में भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए खिलाड़ियों को कभी देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए।

हफीज ने संन्यास की घोषणा करने के बाद लाहौर में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह अपने इस रुख पर कायम हैं कि मैच फिक्स करने वाले और देश को धोखा देने वाले खिलाड़ी को कभी खेलने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। हफीज ने कहा, मेरे लिए करियर की सबसे बड़ी निराशा और पीड़ा तब थी जब मैंने और अजहर अली ने इस मुद्दे पर सैद्धांतिक रवैया अपनाया लेकिन बोर्ड अध्यक्ष ने हमें बताया कि अगर हम नहीं खेलना चाहते तो कोई दिक्कत नहीं हैं लेकिन संबंधित खिलाड़ी खेलेगा। हफीज ने स्पष्ट किया कि उनके संन्यास का पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा के इस रुख से कोई लेना देना नहीं है कि उन्हें और शोएब मलिक को 2019 विश्व कप के बाद संन्यास ले लेना चाहिए था। उन्होंने कहा, नहीं, मैं 2019 विश्व कप से संन्यास के बारे में सोच रहा हूं लेकिन मेरी पत्नी और कुछ शुभचिंतकों ने मुझे खेलते रहने के लिए मनाया। लेकिन मैं तभी से इस बारे में सोच रहा था। जहां तक इस बात का सवाल है कि रमीज ने क्या कहा या महसूस किया तो यह उनका निजी नजरिया है और मैंने हमेशा आलोचकों का सम्मान किया है।

## शोएब मलिक को लेकर दिया बड़ा बयान




मेरा तरीका मैदान पर उतरकर उन्हें जवाब देना है। मैं बोर्ड में किसी ने नाराज नहीं हूं। हफीज ने कहा कि वह बिना किसी मलाल के इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह रहे हैं। इस सीनियर खिलाड़ी ने हालांकि स्वीकार किया कि वह टी20 विश्व कप के बाद से पीसीबी प्रमुख से मिलने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा, रमीज ने कहा कि उन्होंने सोचा कि मैं पीएसएल और केंद्रीय अनुबंध में अपने वर्ग के बारे में बात करना चाहता हूं। लेकिन जब मैं 31 दिसंबर को अंततः उनसे मिला तो मैंने उन्हें कहा कि मैं सिर्फ उन्हें संन्यास के अपने फैसले के बारे में सूचित करना चाहता था।

हफीज ने पाकिस्तान टीम के लिए 55 टेस्ट मैच खेले हैं और 10 शतकों की मदद से 3652 रन बनाने बनाए हैं। इसके अलावा हफीज ने इंटरनेशनल टेस्ट में 53 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने 218 वनडे में 11 शतकों की मदद से 6614 रन बनाए और 139 विकेट भी चकटाए हैं। इसके अलावा हफीज ने 119 टी-20 मुकाबलों में 2514 रन बनाए और 61 विकेट लिए हैं।

# कप्तानी विवाद पर पूर्व पाक कप्तान सलमान बट ने राहुल द्रविड़ को सराहा, बोले- इसे कहते हैं मैन मैनेजमेंट

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने सोमवार को भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की उनके शानदार ?मैन मैनेजमेंट? के लिए सराहना की और भारत के टेस्ट कप्तान विराट कोहली को उनके शानदार काम के लिए समर्थन दिया है। इससे पहले बट ने इउउक के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा के उस बयान पर नाराजगी जताई थी, जिसमें उन्होंने कोहली की सफेद गेंद की कप्तानी पर स्पष्टीकरण दी थी। कोहली ने साउथ अफ्रीका दौरे पर जाने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात का खुलासा करके तहलका मचा दिया था कि बीसीसीआई ने उनसे टी-20 टीम की कप्तानी ना छोड़ने का अनुरोध कभी नहीं किया था। चेतन शर्मा ने शुक्रवार को बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि बीसीसीआई के अधिकारियों और सिलेक्टर्स ने विराट से टी-20 की कप्तानी ना छोड़ने के लिए कहा था। उनके टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने के फैसले से हर कोई हैरान था।



हालांकि विराट को लेकर द्रविड़ ने रविवार को कहा कि विराट शानदार लीडर हैं। मैदान के अंदर हो या बाहर वो एक लीडर के तौर पर शानदार काम कर रहे हैं। हम उम्मीद करेंगे कि वो आगे भी शानदार खेलेंगे। कोहली लगातार मेहनत कर रहे हैं और बड़ा स्कोर उनसे ज्यादा दूर नहीं है। उन्होंने कहा था कि एक खिलाड़ी के रूप में या एक कप्तान के रूप में टेस्ट सीरीज के लिए कोहली की तैयारी को विचलित करने में कुछ भी कामयाब नहीं हुआ।

द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि ह्यउन्हें लेकर इतने शोरह्न के बावजूद वह असाधारण रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 दिन में विराट असाधारण रहा है। उसे लेकर इतने शोर के बावजूद उसने जिस तरह अभ्यास किया, तैयारी की और टीम के साथ जुड़ा रहा, वह शानदार है। द्रविड़ के बयान की सराहना करते हुए बट ने स्वीकार किया कि विवाद के बीच अपनी टीम को एक साथ रखकर दिग्गज खिलाड़ी अच्छा परफॉर्म कर रहे है। वहीं, बट ने कहा कि जो कल द्रविड़ ने किया इसे मैन मैनेजमेंट कहा जाता है। कोच या मैनेजर के रूप में यह उनका असली काम है।

## अजिंक्य रहाणे का खराब प्रदर्शन जारी, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार हुए गोल्डन डक का शिकार

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच जोहानिसबर्ग के द वांडरर्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने पहले टॉस जीता और विराट कोहली की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रहे केएल राहुल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत ने लंच तक 53 रन पर 3 विकेट गंवा दिए हैं। इस दौरान अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का खराब फॉर्म जारी रहा और वो गोल्डन डक का शिकार हुए। डुआने ओलिवियर की गेंद को रहाणे ने छोड़ने के बजाय उसे खेला और तीसरी स्लिप में कैच थमा बैठे। यह डुआने ओलिवियर का लगातार दूसरा विकेट था। इससे पहले ओलिवियर ने पिछली गेंद पर चेतेश्वर पुजारा को महज 3 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर आउट किया।

# जोहानिसबर्ग टेस्ट में पुजारा और रहाणे रहे फ्लॉप, ट्विटर पर फैंस ने लगाई क्लास, रोहित को इतने मौके...

**नई दिल्ली।** तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों की हालत खराब कर रखी है। यही वजह है कि खबर लिखे जानें तक भारत ने 132 रन पर 5 विकेट गंवा दिये हैं। शुरूआती बल्लेबाजों की बात करें, तो टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के अलावा अन्य खिलाड़ियों का खराब प्रदर्शन दिखाई दिया। खासकर दो बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा की। इन दोनों खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को लेकर अब ट्विटर पर खूब आलोचना हो रही है। चेतेश्वर पुजारा की बात करें, तो वो एक बार फिर सस्ते में आउट हुए। उन्होंने केवल तीन रन बनाए और डुआने ओलिवियर का शिकार हो गए। इसके बाद ओलिवियर ने दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को भी खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। खास बात यह रही कि



अजिंक्य रहाणे पहली बार अपने टेस्ट क्रिकेट में गोल्डन डक का शिकार हुए हैं। दोनों खिलाड़ियों को लेकर ट्विटर पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। एक प्रशंसक ने ट्विटर पर चयनकताओं से दोनों को बाहर करने के लिए कहा। प्रशंसक ने ट्वीट में लिखा कि जिस तरह से पुजारा और रहाणे खेल रहे हैं, उन्हें बाहर कर देना चाहिए। उन्हें बहुत अधिक मौके मिले हैं और वे युवा और आने वाली प्रतिभाओं को दबा रहे हैं। अय्यर और विहारी दो रिप्लेसमेंट हो सकते हैं।इस बीच एक अन्य प्रशंसक ने दोनों की तुलना रोहित शर्मा से की। यूजर ने लिखा कि ?जिस तरह से पुजारा और रहाणे को अपने टेस्ट करियर में लगातार असफलताओं के बाद मौके मिल रहे हैं, अगर रोहित को भी अपने टेस्ट करियर में इतने ही मौके मिले होते, तो रोहित का टेस्ट नंबर सभी मौजूदा पीढ़ी के खिलाड़ियों की तुलना में कहीं बेहतर दिखता है। यूजर ने चुटकी लेते हुए लिखा कि दोस्ती से बड़ा कोई स्कोर नहीं होता। पुजारा की आलोचना करने से पहले ही रहाणे आउट हो गए।

# मच रहा बवाल ठीक नहीं है, पहले टेस्ट मैच में विराट कोहली के आउट होने के तरीके पर गौतम गंभीर ने कप्तान को दी सलाह



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी गौतम गंभीर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में कोहली के आउट होने के तरीके पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि विराट कोहली के आउट होने पर मच रहा बवाल ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कोहली को एक शानदार खिलाड़ी हैं। बता दें कि पहले टेस्ट में उम्मीद की जा रही थी कि विराट कोहली 768 दिनों के शतक के सूखे को खत्म करेंगे। क्योंकि इतने दिनों के बीच कोहली एक भी इंटरनेशनल शतक नहीं लगा पाए हैं। बता दें कि सेंचूरियन टेस्ट मैच की पहली पारी में विराट कोहली ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर अपना बल्ला अड़ा बैठे और आउट हो गए। इस मैच में कोहली ने 94 गेंदों का सामना किया और 35 रन बनाए लेकिन एक बाहर जाती गेंद पर पवेलियन लौट गए। वहीं दूसरी पारी में भी वो उसी तरह से आउट हुए। दूसरी पारी में कोहली ने महज 18 रन ही बना पाए।

इसे लेकर आलोचना कर रहे लोगों पर गंभीर ने पलटवार करते हुए कहा कि अनुभवी बल्लेबाज को केवल अधिक धैर्य रखने और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को छोड़ने की जरूरत है । टाइम्स ऑफ इंडिया में लिखे अपने कॉलम में गौतम गंभीर ने कहा कि पहले टेस्ट मैच में जिस तरह से विराट आउट हुए उसके बारे में बहुत कुछ कहा जा रहा है। मेरे हिसाब से अनावश्यक रूप से इस पर विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि कोहली को ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों को छोड़ने की जरूरत है। वहीं, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच जोहानिसबर्ग के द वांडरर्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में कोहली की गैर मौजूदगी में केएल राहुल को टीम इंडिया की कमान सौंपी गई है। कोहली की अनुपस्थिति में कप्तान बने केएल राहुल ने कहा कि दुर्भाग्य से विराट की पीठ के ऊपरी हिस्से में ऐंठन है, फिजियो उस पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि वह अगले टेस्ट के लिए ठीक हो जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि अपने देश की कप्तानी करना हर भारतीय खिलाड़ी का सपना होता है। हमने यहां कुछ अच्छी जीत हासिल की है और उम्मीद है कि हम इसे जारी रखना चाहेंगे। बता दें कि विराट की जगह प्लेइंग इलेवन में हनुमा विहारी को जगह मिली है।

# विराट कोहली के बाहर होने पर हुनमा विहारी की जगह श्रेयस अय्यर को क्यों नहीं मिला मौका

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच जोहानिसबर्ग के द वांडरर्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने टॉस जीता और विराट कोहली की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रहे केएल राहुल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। विराट की जगह इस मैच में हनुमा विहारी को प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया है। हनुमा भारत-ए के साथ पहले से ही दक्षिण अफ्रीका में मौजूद थे और शायद इसलिए उन्हें दूसरे टेस्ट में चुना गया है। वहीं, भारत के पास श्रेयस अय्यर को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल करने का मौका था, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने विहारी के साथ जाने का फैसला किया। श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में ही शतक जमाया था। अय्यर को प्लेइंग कमें शामिल



नहीं किए जाने को लेकर बीसीसीआई ने बयान जारी किया है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली को आज सुबह उनकी पीठ के ऊपरी हिस्से में ऐंठन महसूस हुई। इस वजह से वह द वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेल रहे हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम इस टेस्ट मैच के दौरान उनकी निगरानी करेगी। विराट की गैर मौजूदगी में केएल राहुल टीम की कप्तानी करेंगे। अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने जसप्रीत बुमराह को दूसरे टेस्ट के लिए उप-कप्तान के रूप में चुना है। पेट में खराबी के कारण बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को दूसरे टेस्ट में मौका नहीं मिला। इससे पहले, टॉस के लिए मैदान में उतरे राहुल ने कहा, विराट कोहली के पीठ के ऊपरी हिस्से में दर्द है। वह फिजियो की निगरानी में हैं और उम्मीद है अगले टेस्ट तक फिट हो जाएंगे। बल्लेबाजी में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे 33 साल कोहली अब केपटाउन में टेस्ट सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में अपना ऐतिहासिक 100वां टेस्ट पूरा नहीं कर पाएंगे। कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 जनवरी से शुरू होने वाली वनडे सीरीज में खेलगे। सीमित ओवर प्रारूप के नए कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में राहुल वनडे टीम में भी टीम का कमान संभालेंगे। भारतीय टीम के कार्यक्रम के अनुसार, अगर सब कुछ ठीक रहा तो कोहली को अब फरवरी में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा।

## सम्पादकीय

### आस्था की त्रासद भगदड़

नए साल की भोर भी नहीं उगी थी कि त्रासद हादसा हो गया। नए साल की ऐसी शुरूआत कुछ अपशगुनी लगती है। माता वैष्णो देवी के प्रांगण में ही भगदड़ मच गई, नतीजतन 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 16 घायल हुए। ऐसा एहसास होता है मानो मां शेरां वाली ने कुछ भक्तों को दर्शन देने से ही इंकार कर दिया हो! आस्था का एक पक्ष यह भी होता है, क्योंकि प्रकृति संतुलन करती रहती है। ऐसी भगदड़ पहले भी कई प्रख्यात मंदिरों और पूजा-स्थलों में हो चुकी हैं। माता के परिसर में मौत का आंकड़ा 12 पर ही थम गया, अलबत्ता नैना देवी मंदिर की दो भगदड़ें हमें आज भी कंपा देती हैं। उनके कारण जनवरी, 2013 में 80 भक्तों और 2008 में 147 श्रद्धालुओं को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। केरल के सबरीमला मंदिर के हादसे में 104 मासूम मौतें हुई थीं। कई और उदाहरण हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के कटरा की इस त्रासदी के मूल में घोर लापरवाही, अनदेखी और कोरोना नियमों के सरेआम उल्लंघन हैं। कश्मीर में आतंकवाद आज भी है और कोरोना संक्रमण के नए विस्तार में आंकड़े एक ही दिन में 27,000 को पार कर चुके हैं। इनमें डेल्टा और ओमिक्रॉन स्वरूपों के मरीज हैं। विशेषज्ञों के आकलन हैं कि यदि इसी गति और दर से कोरोना संक्रमण बढ़ता रहा, तो अगले सप्ताह तक आंकड़े एक लाख रोजाना तक पहुंच सकते हैं। यकीनन वह स्थिति कोरोना वायरस की तीसरी लहर की होगी। बहरहाल नए साल के जोश और उल्लास अपनी जगह हैं। आस्था अपनी जगह श्रद्धेय है, लेकिन भीड़ को अनुशासित और नियंत्रित करना स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अर्द्धसैनिक बल का बुनियादी दायित्व है। श्राइन बोर्ड का बयान आया है कि माता के दरबार में दर्शन के लिए 35,000 श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया गया था, लेकिन आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि मां शेरां वाली के तीर्थ-क्षेत्र में 10,000 से अधिक भीड़ को नियंत्रित करना संभव नहीं है। इस भीड़ में सरकारी कर्मचारी, बल के जवान और भक्त आदि सभी सम्मिलित हैं। दर्शनों के लिए 2500-3000 की भीड़ को ही अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि यह पर्याप्त संख्या है। यहां का रास्ता संकरा है और वहां ढलान भी है। मंदिर से आने वालों और ऊपर जाने वालों का रास्ता भी एक ही है। हादसे के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने साफ कहा कि न तो पंजीकरण पर्ची देखी गई, न कोरोना-रपट की मांग की गई और न ही आरटीपीसीआर जांच की गई। भीड़ बेकाबू और बेहिसाब थी। श्राइन और अन्य अधिकारियों ने ऐसा कैसे और क्यों होने दिया? भीड़ को टुकड़ों में बांट कर नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? यह किसकी जिम्मेदारी थी? एंबुलेंस वाहन कहां थे, क्योंकि मृतकों और घायलों को आम लोगों ने ही उठाया और निश्चित, सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया? प्रशासनिक कर्मचारियों और सीआरपीएफ के जवान कहां थे?

यदि हादसा इससे भी बड़ा हो जाता या आतंकी हमला कर देते, तो जवाबदेही किसकी बनती? प्रत्यक्षदर्शियों ने ऐसे आरोप भी साफ तौर पर लगाए हैं कि पैसे लेकर पहले दर्शन कराने के जुगाड़ भी सामने आए हैं। भगवान के घर में घूसङ्ग.इससे ज्यादा नापाक क्या हो सकता है? यह कैसी आस्था है? बेशक भगदड़ का कारण आपसी धक्कामुक्की, हाथापाई हो या सुरक्षा कर्मियों ने भीड़ को धकिया कर पीछे करने की कोशिश की हो अथवा पत्थर गिरने की कोई अफवाह मची हो, सभी संदर्भों में प्रशासनिक और पुलिस कर्मियों की बुनियादी लापरवाही है। रास्ते में अवरोधक इस तरह तैनात नहीं किए गए हैं, जिनसे भीड़ को अनुशासित किया जा सकता था, लेकिन व्यवस्थाओं में दरारें थीं, लिहाजा ऐसा त्रासद हादसा झेलना पड़ा। दिल्ली में बैठे प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रियों-डॉ. जितेंद्र सिंह, नित्यानंद राय-और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को फोन कर हादसे की सम्यक जानकारी ली, लेकिन जम्मू में मौजूद सरकारी अमला यह तय नहीं कर पाया कि कोरोना-काल में कितनी भीड़ एक साथ मंदिर में माता के दर्शन करने जाए। यह आपराधिक लापरवाही का प्रत्यक्ष केस बनता है और संबद्ध अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ यह दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। नहीं तो ऐसे हादसे होते रहेंगे, श्रद्धालु मरते रहेंगे और धर्म-यात्रा फिर शुरू होती रहेगी। कैपेसिटी से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन करने की अनुमति किसने दी, यह बात भी सामने आनी चाहिए। क्या मंदिर प्रशासन को यह आभास नहीं था कि ज्यादा भीड़ के कारण कोई हादसा भी हो सकता है।

# पूंजी के प्रभाव में महामारी

**नमित सिंह**

कुछ देशों में यह देखा गया है कि कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों, चंद अरबपतियों व अन्य शक्तिशाली स्वार्थों ने इस आपदा की स्थिति के इस तरह दुरुपयोग किए जिससे इन देशों की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था पर उनका नियंत्रण बहुत बढ़ गया। नतीजे में ये देश स्वार्थी कंपनियों पर निर्भर हो गए व उनका स्वास्थ्य बजट केवल कुछ विशालकाय कंपनियों के उत्पादों पर ही खर्च होने लगा। इस सोच के कारण जब कोविड के अपेक्षाकृत कम खर्च के इलाज की दवाओं व तौर-तरीकों के बारे में कुछ वैज्ञानिक व डाक्टर कुछ महत्त्वपूर्ण जानकारी देना चाहते थे, तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता था और ऐसे विशेषज्ञों को आगे बढ़ाया जाता था जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों या अरबपतियों के हितों वाली बात करेंगे। यह उचित नहीं है। ऐसी प्रवृत्तियां यदि विश्व में न होती तो बहुत त्रासद स्थितियों से बचा जा सकता था। ऐसा नहीं है कि विश्व में सही विज्ञान या योग्य वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों व डाक्टरों की कमी है। विज्ञान ने वास्तव में प्रगति की है, बहुत योग्य वैज्ञानिक व डाक्टर भी उपलब्ध हैं, पर ऐसी परिस्थितियों का अभाव है जिनमें हम सबसे बेहतर प्रतिभाओं व विचारों की कसौटी पर खरा उतरने वाले उपायों का समुचित लाभ उठा सकें

कोविड-19 की विश्वव्यापी महामारी ने पूंजी को भी खुलकर खेलने की छूट दे दी है। ऐसे में विज्ञान सम्मत, समझदारी की सलाहें दबाई जा रही हैं और मुनाफे की खातिर गैर-जरूरी दवाएं, इलाज और ताने-बाने को तरजीह दी जा रही है। तो फिर महामारी से निपटने के लिए किन बातों पर ध्यान दिया जाना चाहिए? इस आलेख में इस विषय पर प्रकाश डालने की कोशिश करेंगे। विश्व स्तर पर हाल के वर्षों में जितनी चिंता व अस्थिरता कोविड-19 के संदर्भ में देखी गई है, वह हाल के अनेक दशकों के इतिहास में अभूतपूर्व है। इस संदर्भ में यह सवाल विश्व के लगभग सभी क्षेत्रों में उठ रहे हैं कि कोविड-19 का सामना बेहतर ढंग से कैसे किया जाए व इससे होने वाली क्षति को कैसे न्यूनतम किया जाए। इसके लिए जरूरी है कि विश्व स्तर पर वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों की सबसे उत्कृष्ट राय सामने आ सके व उसके आधार पर तय नीति, विश्वास व सहयोग के माहौल को पूरी दुनिया में कार्यान्वित किया जा सके। यह सब लोकतांत्रिक माहौल में, लोकतांत्रिक भावना से होना चाहिए। दूसरे शब्दों में, सब तरह के विचारों को सुनना चाहिए व उन्हें वह स्थान मिलना चाहिए जिसके वे हकदार हैं। ऐसा न हो कि कुछ विचारों को जबरदस्ती बहुत तेजी से फैलाने का प्रयास किया जाए व कुछ विचारों को दबा दिया जाए।

कुछ विचारों के प्रसार के लिए बड़ी ताकत लगा दी जाए व कुछ विचारों को टिकने ही न दिया जाए। किसी तरह के दबाव व संकीर्ण स्वार्थ हावी नहीं होने चाहिए व सच्चाई तथा पारदर्शिता के माहौल में ही सब फैसले, फैसलों से जुड़ी पूर्व की सब प्रक्रियाएं होनी चाहिए। यदि किसी विचार को दबाया जाएगा या उससे जुड़े वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों की तमाम पूर्व उपलब्धियों व योग्यताओं की उपेक्षा करते हुए उनके विरुद्ध कुप्रचार किया जाएगा, तो अनेक बेहतर व आवश्यक विचार सामने नहीं आ सकेंगे व विश्व स्तर पर उपलब्ध सबसे बेहतर ज्ञान का सदुपयोग नहीं हो सकेगा। दूसरी ओर, यदि सभी विचारों को खुले माहौल में सुनकर पारदर्शी प्रक्रियाओं से सही निर्णय लिए जाते हैं जो सबसे अधिक जनहित में हैं तो न केवल सबसे बेहतर नीति बन सकेगी, अपितु लोगों में इसके प्रति गहरा विश्वास भी उत्पन्न होगा। उन्हें लगेगा हम सही राह पर जा रहे हैं व उनकी चिंताएं भी कम होंगी, तनाव कम होंगे। अनेक समस्याएं तो अनिश्चय व तनाव के माहौल के कारण ही उत्पन्न हो रही हैं। एक बड़ी जरूरत यह है कि इस तरह की आपदा का दुरुपयोग कोई भी तत्त्व अपना संकीर्ण स्वार्थ साधने के लिए न करे। कुछ देशों में यह देखा गया है कि कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों, चंद अरबपतियों व अन्य शक्तिशाली स्वार्थों ने इस आपदा की स्थिति के इस तरह दुरुपयोग किए जिससे इन देशों की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था पर उनका नियंत्रण बहुत बढ़ गया।

नतीजे में ये देश स्वार्थी कंपनियों पर निर्भर हो गए व उनका स्वास्थ्य बजट केवल कुछ विशालकाय कंपनियों के उत्पादों पर ही खर्च होने लगा। इस सोच के कारण जब कोविड के अपेक्षाकृत कम खर्च के इलाज की दवाओं व तौर-तरीकों के बारे में कुछ वैज्ञानिक व डाक्टर कुछ महत्त्वपूर्ण जानकारी देना चाहते थे, तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता था और ऐसे विशेषज्ञों को आगे बढ़ाया जाता था जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों या अरबपतियों के हितों वाली बात करेंगे। यह उचित नहीं है। ऐसी प्रवृत्तियां यदि विश्व में न होती तो बहुत त्रासद स्थितियों से बचा जा सकता था। ऐसा नहीं है कि विश्व में सही विज्ञान या योग्य वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों व डाक्टरों की कमी है। विज्ञान ने वास्तव में प्रगति की है, बहुत योग्य वैज्ञानिक व डाक्टर भी उपलब्ध हैं, पर ऐसी परिस्थितियों का अभाव है जिनमें हम सबसे बेहतर प्रतिभाओं, विचारों व वैज्ञानिकों की कसौटी पर खरा उतरने वाले उपायों का समुचित लाभ उठा सकें। यह एक दुखद स्थिति है जिसके कारण विश्व स्तर पर ऐसे कष्ट झेलने पड़े हैं जिनसे बचा जा सकता है। यह स्थिति तभी पनप सकती है जब विश्व की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई बड़ी कमी हो। लोकतंत्र की प्रगति मानव प्रगति का एक बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है, पर जो बड़े स्वार्थ हैं, जिन पर अरबों डालर का मुनाफा हावी है, जो दूसरों पर आधिपत्य करना चाहते हैं, वे लोकतंत्र को एक बाधा मानते हैं। वे अपनी अपार धन शक्ति के बल पर लोकतंत्र में ऐसी विसंगतियां उत्पन्न करते हैं जिससे अपनी मनमानी कर सकें, उन पर लोकतांत्रिक तत्त्वों व ताकतों की रोक न लग सके। राजनीति में भी वे ऐसे अधिनायकवादी तत्त्वों को खोजते हैं व आगे बढ़ाते हैं जो उनसे सांठगांठ कर सकें व एक साथ अपने हितों को बढ़ा सकें। इस स्थिति में पारदर्शिता, लोकतांत्रिक खुली बहस व सच्चाई की बहुत क्षति होती है। हमें कोविड का सामना यदि सबसे बेहतर ढंग से करना है तो इन सब अवरोधों को भी ध्यान में रखना होगा व ऐसी स्थितियों का निर्माण करना होगा जिससे सभी निर्णय पारदर्शिता व खुली लोकतांत्रिक व्यवस्था में सच्चाई के आधार पर हो सकें और जो सबसे बेहतर परामर्श है उसे ही स्वीकार किया जाए। वैज्ञानिक तथ्यों से कोई अनुचित छेड़छाड़ न की जाए और जो सबसे बेहतर व विश्वसनीय जानकारी है, उसके आधार पर ही कार्य किया जाए। विश्व भर में यह भी देखा गया है कि कुछ चुनिंदा कंपनियों के उत्पादों को कोरोना के इलाज में बेहतर विकल्प के रूप में प्रचारित किया गया। भारत की ही बात करें, तो बाजार में इम्युनिटी बूस्टर के रूप में एक से अनेक उत्पादों की झड़ी लग गई। स्वास्थ्य के लिए जिन दवाओं की अत्यधिक जरूरत रहती है, उनके मूल्य भी काफी हद तक बढ़ा दिए गए। संकट में फंसी जनता के पास इन दवाओं को महंगे दामों पर भी खरीदने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं होता। अपनी कीमती जान बचाने के लिए अनजान लोग महंगे उत्पाद खरीदने के लिए भी तैयार हो जाते हैं। ऐसी दवाओं के मूल्यों पर नियंत्रण के लिए हालांकि हर राज्य सरकार ने कारगर व्यवस्था कर रखी है, इसके बावजूद कोरोना काल में दवा विक्रेता और कंपनियां अनियंत्रित ही देखी गईं। कौनसी दवा इस महामारी में कम से कम दाम पर कारगर हो सकती है, इसके लिए ईमानदार व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

# बेरोजगारी के सैलाब में प्रजातंत्र का भविष्य

**प्रेम कुमार**

बहरहाल मुल्क के रहबर हमारे शासकों को समझना होगा कि जम्हूरियत में सत्ता का मकसद लोगों पर हुकूमत नहीं होता, बल्कि निजी हितों को दूर रखकर समाज को सही दिशा व सुशासन देकर अपनी नेतृत्व क्षमता को साबित करके राष्ट्रवाद की भावना से काम करना होता है। भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ को ह्यआजादी के अमृत महोत्सवह्न के रूप में मनाने की तैयारी कर रहा है। देश की आजादी के पीछे कई रक्तरंजित संघर्षों व असंख्य क्रांतिवीरों की कुर्बानियों का इतिहास छिपा है। अंग्रेजों के जुल्मोसितम तथा ह्यबांटो व राज करोह्न जैसी शातिराना नीतियों को रुखसत करके मुल्क से गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए सैकड़ों क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदों को चूमकर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। आजादी के बाद विशिष्ट प्रकार की शासन प्रणाली लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली तथा अखंड भारत के निर्माण के लिए देश के राजाओं द्वारा अपनी 562 रियासतों का भारत में विलय के साहसिक व बेमिसाल त्याग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश की ज्यादातर रियासतों पर राजपूत वर्चस्व कायम था। हिमाचल प्रदेश भी 30 पहाड़ी रियासतों के एकीकरण के बाद ही अस्तित्व में आया था। मगर देशहित में अपनी सल्तनतों व राजगद्दियों का त्याग करने वाले राजाओं तथा जंग-ए-आजादी के हजारों इंकलाबी युवा परवानों ने जिस लोकतंत्र की कल्पना की थी, क्या विश्व के सबसे बडे. लोकतंत्र भारत में वो प्रजातंत्र कायम हुआ।

यह अपने आप में एक प्रश्न है। आजादी के बाद से ही लोकतंत्र पर वंशवाद व वीआईपी कल्चर हावी हो गया था। यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। वर्तमान में भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी निवास करती है। देश के हुक्मरानों को सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाने में भी युवावर्ग ही अहम भूमिका निभाते हैं, मगर मुल्क की सूरत व सीरत तब्दील करने वाला देश की बुनियाद युवावेग आज बेरोजगारी के सैलाब में फंस कर कई दुश्वारियों के दौर से गुजर रहा है। सियासतदानों को अपने वोट की ताकत से जम्हूरियत की बुलंदी पर पहुंचाने वाले लोग चाहते हैं कि जमीनी हकीकत से जुडे. उनके मुद्दों पर संसद में सकारात्मक चर्चा हो। चूंकि लोकतंत्र में संसद ही एक ऐसा मंच है जहां देश के विकास की योजनाओं का मसौदा तैयार होता है, मगर कई विषयों पर विवाद खड़ा होने से संसद के सत्र हंगामे की भेंट चढ़ जाते हैं। देश में पर्यावरण संरक्षण, किसानों व राहगीरों के लिए संकट का सबब बन चुके हजारों बेसहारा पशु, सरकारी शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, सरकारी इदारों में फैला रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार का वायरस, गुरबत से जूझ रहे लाखों लोग, नशाखोरी, आतंक, चरम पर बेरोजगारी व देश की प्रतिभाओं के भविष्य को कुचलने वाली व्यवस्था आरक्षण प्रणाली तथा देश में कई समस्याओं का कारण बन चुकी बेलगाम रफ्तार से बढ़ रही आबादी जैसे देशहित के ुद्दे कभी सियासी चर्चा का केंद्र नहीं बनते। इन मुद्दों पर सियासत घूंघट निकाल लेती है। देश में सियासी ताकत की नुमाइश के लिए ज्यादातर मजहब ही मुद्दा बनता है। लोगों को नैतिकता व अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाले कई हुक्मरान सियासी जमीन की तलाश में अपनी चुनावी रैलियों से समाज में हिकारत का माहौल पैदा करने वाली जहरीली तकरीरों का प्रयोग करते हैं, जो कि राष्ट्र की अखंडता के लिए खतरनाक है। सियासी दलों द्वारा चुनावी घोषणा पत्रों में किए गए लोकलुभावन वायदे परवान न चढ़ने पर या सरकारों की गलत नीतियों के विरोध में जब लोग आक्रोशित होकर सड़कों पर आंदोलन के लिए उतर जाते हैं, तब हमारे हुक्मरान लोगों को लोकतांत्रिक तरीके से व अपने विचारों तथा जज्बातों से विरोध का इजहार करने का मशविरा पेश करते हैं। बेशक लोकतंत्र में विरोध विचारों से होना चाहिए, मगर चुनावी मंचों से तल्ख तेवर व जज्बाती अंदाज में वोट एंठने में माहिर सियासतदानों को प्रजातंत्र के भविष्य युवावर्ग को लोकतंत्र में विरोध प्रकट करने वाले उन आदर्श व उच्च विचारों के काबिल बनाने के प्रयास भी करने होंगे। इसके लिए सरकारी शैक्षिक ढांचे को दुरुस्त व सुविधाओं से लैस करने की निहायत जरूरत है। उच्च दर्जे की शिक्षा प्राप्त करके ही मेधावी कामयाबी के शिखर पर पहुंचते हैं। गुणवत्तायुक्त शिक्षा की ताकत ही नई सोच व कई सवालों तथा समाज को गतिशीलता देने वाले उच्च विचारों को जन्म देती है। यदि देश के प्रतिभाशाली युवाओं को उचित मंच मिलेगा तभी उनके उच्च विचार आकार ले पाएंगे जो कि आरक्षण व्यवस्था के चलते असंभव है। लेकिन विदेशी कंपनियां भारत की उभरती प्रतिभाओं को परख कर उन्हें मंच प्रदान कर रही हैं। आज विश्व की कई बड़ी कंपनियों के ह्यसीईओह्न के पदों पर भारतीय मूल के युवा विराजमान होकर भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं। आलमी सतह पर भारत के सर्वश्रेष्ठ युवाओं की सरवराही तस्दीक करती है कि भारत की युवाशक्ति की काबिलियत में कोई कमी नहीं है, मगर विडंबना यह है कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर निखर रही भारत की प्रतिभाओं का लाभ देश को नहीं मिल रहा। योग्य डॉक्टर व इंजीनियर के रूप में भारत का टेलेंट पलायन करके दूसरे देशों में आशियाना तराश रहा है। हमारी सियासी लीडरशिप देश के यौवन को सही मार्गदर्शन करने में असमर्थ साबित हो रही है। आरक्षण व बेरोजगारी के जख्मों ने युवावर्ग की ताकत व काबिलियत का तवाजुन बिगाड़ दिया है। देश की योग्यता के साथ हो रहे अन्याय से उपजे सवालों पर मंथन होना चाहिए।

# संवत्सर सृष्टि सृजन की सुमंगल मुहूर्त

**प्रेम कुमार**

खुमारी के प्रभाव में आलस्य भी होता है। आधी नींद और आधा जागरण साथ-साथ चले तो खुमारी। ईसा के नववर्ष पर कहीं दारू भी जमकर चली। आज नववर्ष का दूसरा दिन है। कल से आज तक हैप्पी न्यू ईयर की शुभकामनाएँ जारी हैं। हैप्पी बोलने का अपना मजा है और सुनने का भी। अंग्रेजी न्यू ईयर आधुनिकता का प्रतीक है। यह न्यू ईयर परदेशी है। कुछ लोग विदेशी जीवन शैली को आधुनिकता कहते हैं। कुछ बरस से हमारे गांव-देहात के भी कुछ लोग हैप्पी न्यू ईयर बोल रहे हैं। हम भारत के लोग उत्सव प्रेमी हैं। विदेशी परंपरा के न्यू ईयर को भी हैप्पी बोलते हैं। नववर्ष का ह्यनवह्न बड़ा मजेदार है। अंग्रेजी कैलेण्डर का यह नववर्ष विचारणीय है। मेरा ध्यान बार-बार ह्यनवह्न पर जाता है। शब्द ह्यनवह्न के कई अर्थ है। ज्योतिष में नवग्रह हैं। ज्योतिष के ह्यनवह्न का अर्थ नया नहीं है। इसका अर्थ नवां है। नवां बोले तो ह्यनाइन्थ।ह्न संस्कृत भाषा के ह्यनवम्ह्न का अर्थ भी नया नहीं है। 9वाँ है। नवरात्रि में भी ह्यनवह्न शब्द जुड़ा हुआ है। इस ह्यनवह्न का अर्थ संख्यावाची है। लेटिन का नवम्बर का अर्थ भी नौवां है, लेकिन अंग्रेजी कैलेण्डर में यह 11वाँ है। इसी तरह लेटिन सेप्ट अंग्रेजी का सितम्बर 7वाँ और ऑक्ट अक्टूबर 8वाँ है। लेकिन कैलेण्डर में अक्टूबर 10वाँ और सितम्बर 9वाँ है।

महाप्राण निराला ने अमृत मंत्र नव भारत में वरदे/वीणा वादिन वरदे लिखा है। यहाँ ह्यनव भारतह्न का अर्थ नया है। नव यौवन का अर्थ नौवां यौवन नहीं है। नया यौवन है। हम भारत के लोग यूरोपीय रिनेसा को नव जागरण कहते हैं। इसका अर्थ भी नया है। नव या नये के चक्कर में नवना या झुकना ठीक नहीं माना जाता है। तुलसीदास ने भी झुकने के लिए नवना शब्द का प्रयोग किया है - नवनि नीच की अति दुखदाई। अंग्रेजी नववर्ष मुझे उल्लास नहीं देता। मन बार-बार सोचता है कि 365 दिन के वर्ष को हम जनवरी से ही क्यों प्रारंभ करें? जनवरी माह में भारत में कोई नया रूपक नहीं खिलता। न कृषि में, न समाज में, न हमारी प्रकृति में। जनवरी की हवायें भी प्रीतिपूर्ण स्पर्श नहीं देती है। वनस्पतियां भी शीत के कारण सिकुड़ी रहती है। हवाओं में मधु नहीं होता। प्रकृति में नवछन्द भी नहीं उगते। जनवरी में सौन्दर्यबोध नहीं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। वैदिक साहित्य में वर्ष के 720 अहो रात्र की चर्चा है। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा 720 अहो रात्र में करती है। अहो रात्र दिन-रात के जोड़े को कहते हैं। 720 अहो रात्र मिलकर वर्ष बनते हैं। पृथ्वी परिक्रमा प्रकृति का नियम है। भारतीय परंपरा में वर्ष की काल गणना चैत्र माह की प्रतिप्रदा से होती है। हैप्पी न्यू ईयर का भारतीय परंपरा से कोई लेना-देना नहीं है। घूम-फिरकर वही प्रश्न आता है कि नया साल जनवरी से ही क्यों? बसन्त की मधुछंदा हवाओं के समय क्यों नहीं? फाल्गुन या चैत्र से क्यों नहीं? अंग्रेजी विद्वानों की अपनी सोच है। पहले उन्होंने 10 माह का कैलेण्डर बनाया। उसमें जनवरी, फरवरी नहीं थी। तब सितम्बर सातवां था। अंग्रेजी में सेप्टम्बर था। जनवरी फरवरी जोड़ने से 7वाँ माह 9वाँ हो गया। 8वाँ अक्टूबर लैटिन में आक्ट था। यह 10वाँ हो गया। दिसम्बर का अर्थ ही 10वाँ

कामकाज की तारीखें होती हैं। अंग्रेजी कैलेण्डर दीवार पर है। इस कैलेण्डर का अध्ययन जरूरी है। अंग्रेजी सभ्यता प्रभावित विद्वान अंग्रेजी में सोचते हैं। अंग्रेजी में हंसते हैं और हिन्दी में उदास हो जाते हैं। वह जनवरी में नये होते हैं। बसन्त में मधुगंधा नहीं होते हैं। ऋतुराज बसन्त का स्वागत नहीं करते। वैलेन्टाइन को प्रेम का साधु-संत मानते हैं। चर्च की शब्द सूची में वैलेन्टाइन का नाम नहीं है। प्रकृति के अंश प्रतिपल बदलते रहते हैं। सो ग्रीष्म, शीत, वर्षा प्रतिपल नए हैं। देखने और अनुभव करने की भारतीय द्दष्टि अखंड है। इसमें भूत और वर्तमान का भेद नहीं है। बीते और प्रत्यक्ष की समय विभाजक रेखा नहीं है। अस्तित्व प्रतिपल नया है। प्रतिपल नया होना इसकी प्रकृति है। हमारी प्रत्येक सांस नई है। छंद नए हैं। भूत और अनुभूत साथ साथ हैं। हम भी प्रतिपल नये हैं। प्रत्येक सूर्योदय नया हैं। हरेक चन्द्र भी। खिलने को व्याकुल कली आज खिल गयी है। पुष्प भी नये हैं। वह बीज बनने को व्याकुल है। पुराने या नये का अलग अस्तित्व नहीं है। सब कुछ एक प्रवाह में है। पुराना मरता नहीं है। वह नया होकर बार-बार खिलता है। अस्तित्व नूतन या पुरातन नहीं है। यह चिरंतन है। सदा से है। सदा रहता है। कभी नष्ट नहीं होता। काल विभाजित सत्ता नहीं है। काल गणना और विभाजन का काम हम करते हैं। काल भी अस्तित्व का भाग हो सकता है। प्रलय की स्थिति में गति नहीं होती। इसलिए काल भी नहीं होता है। दिवस और रात्रि भी नहीं होते। प्रलय के बाद सृष्टि उगती है। गतिशील होती है। गति से समय आता है। हम उसका विभाजन करते हैं। दिन-रात, मास, वर्ष काल के ही अंग है। कल जनवरी का पहला दिन था। उसके एक दिन पहले हम सब वर्ष 2021 में थे। इन दो दिनों के भीतर वर्ष बदल गया, लेकिन दिसम्बर से लेकर आज दो जनवरी तक कहीं कोई परिवर्तन नहीं दिखाई पड़ता। जनवरी भी नई नहीं है। नववर्ष में कुछ भी नया नहीं दिखाई पड़ता है। न गीत, न छन्द, न प्रकृति के आनन्द की अनुभूति। न रूप, न रस, न गंध, न स्पर्श। यहां कुछ भी नया नहीं है और न ही कुछ पुराना। जम्बूद्वीप का भरतखंड नमस्कारों के योग्य है। यहाँ 6 ऋतुएँ आती हैं बार-बार। ढेर सारी नदियाँ हैं, लेकिन जनवरी में नदियाँ भी उल्लासधर्मा नहीं होती हैं। अंग्रेजी नववर्ष के दिनों में कड़ाके की सर्दी और कोहरा है। सर्दी भी कड़ाके की ठन्ड में कांप रही है। सर्दी के साथ वर्षा भी अपना खेल दिखा रही है। पशु-पक्षी सहित सभी जीव शीत पीड़ित हैं। अनेक जीव शीत निष्क्रियता में छुप गए हैं। सांप आदि जीव हाईबरनेशन में हैं। तो भी इस नववर्ष पर भी आप सबको बधाई। भारत का मन चैत्र माह के संवत्सर से बंधा है। संवत्सर सृष्टि सृजन की सुमंगल मुहूर्त है। यही भारत का नववर्ष है और अंतरराष्ट्रीय नववर्ष भी है। उसी की प्रतीक्षा है। भारत के लिए यह आनंद का मुहूर्त है।

# वैष्णो देवी मंदिर हादसा: कब हम सीखेंगे भीड़ नियंत्रण

**आर.के. सिन्हा**

माता वैष्णो देवी मंदिर में नए साल की रात हुए दिल-दहलाने वाले हादसे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हम भीड़ नियंत्रण करना नहीं सीखेंगे। अगर हमने पहले के हादसों से सीख ली होती तो देश को इतने भीषण हादसे को फिर देखना ना पड़ता। लेकिन हमने तो मानों सीखना छोड़ दिया है। माता के दरबार में माथा टेकने पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच रात करीब 12:00 बजे अचानक जोर-जोर से जयकारे लगने लगे। उसके बाद धक्का-मुक्की और भगदड़ मच गई। भगदड़ ने भयानक रूप ले लिया। रात करीब दो बजे के आसपास हुए हादसे में 12 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। वहीं, एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। क्या स्थानीय प्रशासन को पता नहीं था कि माता के मंदिर में हर साल नए साल की रात को भक्तों की भारी भीड़ जुटती है? इसके चलते वहां भगदड़ की आशंका बन जाती है। लेकिन, लगता है कि इस तरफ देखा ही नहीं गया।

कैसे इतने सारे लोगों को एक साथ ऊपर मंदिर में जाने की अनुमति दे दी गई? हमें उन धार्मिक स्थानों और आयोजनों का मैनेजमेंट सीखना होगा जहां पर भारी भीड़ जुटती है। इन जगहों में जाने वालों को भी सतर्क होना पड़ेगा। इसके साथ यह भी देखना होता है कि किसी मेले या धार्मिक स्थान पर खास तिथियों पर ज्यादा भीड़ जमा न हो जाये क्योंकि भीड़ के किसी एक जगह जमा होते ही भगदड़ की आशंका भी बन जाती है। भीड़ की निकासी की हमेशा बेहतर और वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। भक्तों को भी भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचना चाहिए। वे अपनी लापरवाहियों की सारी जिम्मेदारी प्रशासन पर ही नहीं डाल सकते। ओमिक्रोन का खतरा जब देश पर मंडरा रहा है तो इतने सारे भक्तों का वैष्णो देवी मंदिर में पहुंचना भी समझ से परे है। भीड़ के बेकाबू होने के कारण हादसे भारत में ही नहीं अन्य देशों में भी होते रहे हैं। कुछेक साल पहले मक्का में भगदड़ के कारण दुखद हादसा हुआ था। वहां सन 2004 और फिर सन 2006 में भी शैतान को मारने की होड़ में बड़े हादसे हुए हैं। अगर हम कुछ दशक पहले जाएं तो 1954 में प्रयागराज में कुंभ मेले में भारी भगदड़ मची थी। उसमें सैकड़ों लोगों की जान गई थी। प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के स्नान के लिए रोकी गयी भीड़ में मची भगदड़ के कारण दुर्घटना हुई थी। जांच रिपोर्ट में आया था कि नेहरू जी ने अखाड़ों से पहले स्नान करने का फैसला किया। इससे साधु खफा हो गए थे। इसी से वहां हंगामा हो गया। वहां मौजूद हाथी भी भड़क गए। उन्होंने भी दर्जनों लोगों को कुचल डाला। इस बात को दबा दिया गया था। दुर्भाग्यवश कुछ शातिर किस्म के तत्व धार्मिक स्थलों की मयार्दा की अनदेखी करते हुए वहां घटिया हरकतें करने लगते हैं। पहली नजर में तो लगता है कि वैष्णो देवी मंदिर में भी यही हुआ। पता चला है कि रात दो बजे के बाद कुछ लोगों के बीच बहस हुई और उसके कारण धक्का-मुक्की की स्थिति पैदा हो गई। इसके बाद लोग भागने लगे, जिसके चलते हादसा हुआ। हालांकि पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने त्वरित प्रतिक्रिया दी तथा भीड़ में व्यवस्था तुरंत बहाल कर ली गई लेकिन उस वक्त तक नुकसान हो चुका था। इस तरह का दावा प्रशासन कर रहा है। पर उसने पहले ही स्थिति को बिगड़ने कैसे दिया। दरअसल, मेलों और मंदिरों जैसे स्थानों पर मानवता के दुश्मनों की गिद्ध द्दष्टि रहती है। इनके इरादों को विफल करना होता है। पिछले प्रयाग कुंभ के समय उत्तर प्रदेश सरकार ने मेले में तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों को नेशनल सिक्योरिटी गाड्र्स यानी एनएसजी और सेना से ट्रेनिंग दिलवाई थी। ये भीड़ में ही घुसे रहे थे और पलक झपकते शरारती लोगों का काम तमाम करने में सक्षम थे। उसी तरह की व्यवस्था वैष्णो देवी मंदिर में भी स्थायी रूप से रहनी चाहिए। याद रखें कि वैष्णो देवी जैसे स्थानों पर किसी नेता, अभिनेता या लोकप्रिय शख्सियत के आने से भगदड़ के हालात पैदा हो जाते हैं। भीड़ उग्र और बेकाबू हो जाती है। इसलिए प्रशासन को बहुत समझदारी से काम करना होता है। वैष्णो देवी में हुए हादसे की बात करते हुए मुझे कहने दें कि यह वास्तव में बेहद चिंतनीय विषय है कि हमारे देश में धार्मिक स्थानों और पूजा समारोहों के दौरान नदी व तालाबों में नहाने या फिर मूर्ति विसर्जन करने के क्रम में भी दर्जनों लोग डूब कर जान गंवा देते हैं। कुछ साल पहले अकेले बिहार में छठ पूजा के दौरान डूबने से 73 लोगों की जान चली गई थी। दिल्ली में दुर्गा पूजा के विसर्जन के दौरान करीब 10 लोग डूबे थे। बेशक, ये सभी दिल दिहलाने वाली घटनाएं थीं। ये उन तमाम सरकारी दावों-वादों की पोल भी खोलते थे, जो संबंधित विभाग करते हैं कि ह्लसुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम कर लए गए हैं। माफ करें, वैष्णो देवी मंदिर में हुए हादसे जैसी घटनाएं तो तब ही रुकेंगी जब हमारे प्रशासन की तैयारियां ठोस होंगी। वर्ना तो कुछ दिनों के शोर तथा मृतकों/घायलों के परिजनों को मुआवजा देने के बाद फिर से पहले की तरह सब कुछ चलने लगेगा। वैष्णो देवी का प्रबंधन देखने वाले अफसरों से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने 31 दिसंबर की किस तरह की तैयारियां की थीं। उन अफसरों पर चाबुक चले जो अपने दायित्वों का निर्वाह करने से चूक गए। इस घटना से सारे देश में शोक का माहौल व्याप्त हो गया है। दरअसल देश में वैष्णो देवी मंदिर को लेकर करोड़ों लोगों की अगाध आस्था है।

# शहर के समीप मजदूर की नृशंस हत्या से हड़कंप

## प्रयागराज के बहरिया का रहने वाला था मजदूर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के सैया बांध के पास बने एक शोरुम के गोदाम में सोए हुए युवक मजदूर की रविवार की रात नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

इसका पता सोमवार को तब चला, जब शोरुम के मालिक नवीन कुमार केसरवानी निवासी निर्मल पैलेस रोज की तरह सुबह दस बजे गोदाम पहुंचे तो रणजीत यादव उर्फ बबलू को आवाज लगाया तो अंदर से दरवाजा ठीक से बंद नहीं थो। उसे खोलने पर रणजीत यादव नामक युवक मजदूर का रक्तरंजित शव मिला। उसके चेहरे पर खून के निशान थे। इस सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक प्रयागराज के बहरिया का रहने वाला था। शोरुम के मालिक नवीन ने घटना की सूचना मजदूर के घरवालों तथा पुलिस को दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर मजदूर के साथ रहने वाला उसका साथी सुरेश



मजदूर की मौत पर पूछताछ करती कोतवाली पुलिस।

नामक व्यक्ति गायब था। उसका मोबाइल भी बंद पाया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। युवक मजदूर की हत्या का समाचार सुनकर घरवाले बदहवास हो गये हैं। बताया जाता है कि प्रयागराज के बहरिया का रहने वाला यह युवक शहर व्यवसायी नवीन कुमार केसरवानी के यहां मजदूर के रुप में काम करता था, जिसकी बीती रात रक्तरंजित हत्या कर दी गई।

## पब्लिक स्कूल लुसनापुर में लेफ्टिनेंट अमित यादव का हुआ सम्मान

**बाघराय, प्रतापगढ़।** यदि मेहनत एवं लगन से कोई कार्य किया जाए तो सफलता एक ना एक दिन कदम चूम लेती है। लेफ्टिनेंट अमित यादव का सम्मान करके आज विद्यालय परिवार बहुत ही गौरवान्वित है। यह बातें लेफ्टिनेंट अमित यादव को सम्मानित करते हुए कुंवर बहादुर स्मारक विद्यालय हसनापुर के प्रधानाचार्य अजय कुमार यादव ने कही। उन्होंने कहा कि यूपीएससी सीडीएस लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में 46वीं रैंक हासिल करने पर लेफ्टिनेंट अमित यादव का सम्मान करना बहुत ही गौरव की बात है। इस मौके पर प्रबंधिका भानुमति यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित यादव, प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप यादव, प्रधान राम प्रताप यादव, संतोष कुमार, लाल बहादुर, अमित कुमार सरोज, राहुल यादव, नंद कुमार, राजेश यादव आदि रहे।



गुरमत ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

# गुरुद्वारा में गुरमत ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरुगोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवम स्त्री सत्संग कमेटी के सहयोग से गुरुद्वारा गुरुनानक शाही बाबागंज में एक गुरमत ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु के स्त्री/पुरुषों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुल 47 लोगो ने हिस्सा लिया जिसमें एक प्रतिभागी आमिना मुस्लिम समुदाय से भी थी। इस प्रतियोगिता में सिक्ख इतिहास, सिक्खो की उपलब्धिया, गुरवाणी से सम्बंधित, एवम सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के उत्तर देने थे। परिणाम की घोषणा पांच दिसम्बर की रात आठ बजे कीर्तन दरबार के दौरान की जाएगी। सरदार मंजीत सिंह गोबिन्द ने बताया प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को विशेष पुरुस्कार से सम्मानित किया जायेगा। शेष प्रतिभागियों को सान्त्वना पुरुस्कार दिये जायेंगे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग रविन्द्र कौर, भवनजीत कौर, जगमीत सिंह, सलूजा, ज्ञानी विपिन, प्रीत सिंह, ज्ञानी मनोहर सिंह आदि का रहा।

# अनियंत्रित बाइक पलटी, अस्पताल पहुंचने पर महिला की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

### लालगंज कोतवाली के जूड़ापुर गांव के समीप हुआ हादसा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पति के साथ बाइक से ईट भटठे पर किसी काम से जा रही महिला हादसे मे घायल हो गयी। लालगंज अस्पताल लाये जाने पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पति शव लेकर अपने गांव चला गया। हादसा मवेशी के अचानक सामने आने के बाद बाइक पलटने से हुआ था। महेशगंज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी रामराज सोमवार को पूर्वान्ह अपनी पचास वर्षीया पत्नी कुलझा देवी के साथ बाइक से लालगंज कोतवाली इलाके मे स्थित जूडापुर के समीप एक ईट भटठे पर जा रहा था। लालगंज कोतवाली के जूडापुर गांव के कुछ दूर पहले अचानक बाइक के सामने मवेशी आ गये। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। बाइक पलटने से पति के साथ जा रही कुलझा देवी गंभीर रूप से घालय हो गयी। घटना की जानकारी पर स्थानीय लोगों की मदद से पति रामराज महिला को लेकर एम्बुलेंस से लालगंज सीएचसी पहुंचा। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सको ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत के पश्चात पति महिला का शव लेकर घर चला गया। घटना के मामले मे पुलिस को कोई जानकारी नही हो पायी। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि घटना के बारे मे उन्हें जानकारी नही दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक व मोपेड की टक्कर मे वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनो ने उसे अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती कराया है। लालगंज नगर पंचायत के पूरे हरिकिशुन वार्ड निवासी संगमलाल माली 68 सोमवार को सुबह दस बजे मोपेड से किसी कार्य से निकला था। गांव के समीप लखनऊ वाराणसी हाइवे के मोड़ पर लालगंज की ओर जा रहे तेज गति से बाइक सवार ने उसकी मोपेड मे जोरदार टक्कर मार दी।

# वैक्सीनेशन में किशोरों ने दिखाया उत्साह

## शहर के शिक्षण संस्थाओं में लगाये गये वैक्सीनेशन कैम्प

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** 15 से 18 वर्ष के किशोरों का टीकाकरण का कार्य आज प्रतापगढ़ में शुरू हुआ जिसमें किशोरों में उत्साह देखा गया। शहर के जिला महिला अस्पताल, राजकीय इंटर कालेज, केपी इंटर कालेज तथा साकेत गर्ल्स कालेज में सुबह दस बजे ही वैक्सीनेशन टीम पहुंच गई थी।

साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में सुबह दस बजे 97 पंजीकरण हुए थे लेकिन दिन भर में 200 से अधिक टीकाकरण शाम चार बजे के बाद हो गये थे। किशोरों में वैक्सीनेशन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। अधिकांश वैक्सीनेशन केन्द्रों पर किशोरों से बातचीत करने पर पता चला कि कोरोना की तीसरी लहर से बचाव का सबसे अच्छा रास्ता को वैक्सीनेशन मानते हैं। छात्र-छात्राएं इसलिये ज्यादा खुश है कि उनकी पढ़ाई में बाधा नहीं पहुंचेगी और वैक्सीनेशन के बाद वह स्कूल, कोचिंग जा सकेंगी। साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज परिसर में प्राचार्या डॉ0 नीलिमा




साकेत गर्ल्स इंटर कालेज में वैक्सीनेशन कराती छात्रा।

श्रीवास्तव द्वारा 15 से 18 वर्ष के कोविड टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। छात्राओं में इस अभियान के प्रति अद्भुद उत्साह दिखा। प्रातः दस बजे ही 97 छात्राओं द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका था और टीकाकरण के टीम के आते ही छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर इस अभियान में प्रतिभाग किया। इस टीकाकरण अभियान में कुल 203 लोग लाभान्वित हुए। टीकाकरण टीम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से रिंकी सिंह, मृदुलेश सिंह, विक्रम सिंह यादव एवं आकाशदीप रहे। महाविद्यालय की ओर से मीना सिंह प्रधानाचार्या साकेत गर्ल्स इण्टर कालेज, हरि ओम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी अनन्त प्रकाश शुक्ला, डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा का सहयोग रहा।

# क्षेत्र में नहीं हुआ विकास : संजय

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 249 विधानसभा पट्टी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय मिश्रा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कहा कि पट्टी में किसी भी प्रकार का विकास नही हुआ है। पट्टी विधानसभा में गांव की सड़कें बेहद जर्जर और खराब दशा में है। कई गांव और कई मजरे ऐसे हैं, जहां पर लोग वाहन तो छोड़िए पैदल भी नहीं जा सकते हैं बरसात के मौसम में यह सड़कें विकास को चिढ़ाते हुए नजर आती हैं। इसी प्रकार शिक्षा स्वास्थ्य तथा कृषि से संबंधित कई प्रकार की समस्याएं क्षेत्र में हैं। पट्टी क्षेत्र में छुट्टा मवेशियों की समस्या पर उन्होंने कहा कि आज किसान बेबस और लाचार दिखाई दे रहा है गेहूं की फसल तैयार हो रही है लेकिन छुट्टा मवेशी उसे चट कर जा रहे हैं जिसके लिए प्रशासनिक एवं सरकारी स्तर पर किसी भी प्रकार के इंतजाम नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की हर एक समस्या के निस्तारण के लिए वह पूरी तरह सजग हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में जितनी भी बातें हैं सरकार बनने पर सब पूरा किया जाएगा।

# रंजिश के चलते हुई मारपीट में तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट मे तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज के आरोप मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के भागीपुर निवासी ब्रम्हाप्रसाद मिश्र के पुत्र संतोष कुमार मिश्र ने कोतवाली मे तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षी चंद्रभान मिश्र, कन्हैयालाल मिश्र व सूबेदार मिश्र ने पुरानी रंजिश के चलते बीती दो जनवरी को अपरान्ह तीन बजे लाठी डंडो से उसकी जमकर पिटाई कर दी। हल्लागुहार सुनकर ग्रामीणो ने बीचबचाव कर उसकी किसी तरह जान बचाई। संतोष की तहरीर पर विपक्षी चंद्रभान मिश्र समेत तीन के खिलाफ मारपीट गालीगलौज व जान से मारने की धमकी के आरोप मे केस दर्ज किया गया है।

# सई नदी रेल ब्रिज पर गार्डर की लांचिंग, निर्माण की रफ्तार तेज

## 100 मीटर लंबा बनेगा नया पुल, रखे जाएंगे आठ गार्डर, एक्सक्यूटिव इंजीनियर की मौजूदगी में शुरू हुआ कार्य



सई नदी रेल ब्रिज पर गार्डर रखते रेल मजदूर।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सई नदी पर निमार्णाधीन रेल पुल का कार्य अपनी प्रगति पर है। सोमवार को पुल पर दो गार्डर की लांचिंग की गई। सौ मीटर लंबाई वाले पुल पर कुल आठ गार्डर रखे जायेंगे, जिसमें दो को रखा गया। जनवरी तक गार्डर रखने की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना जताई जा रही है।अधीक्षण अभियंता रेल निर्माण निगम लखनऊ राकेश कुमार सैनी की देखरेख में क्रेन की मदद से दोनो लोहे के भारी भरकम गार्डर सई नदी पर बने पुल के फाउंडेशन पर रखे गये। कहीं कोई हादसा न हो इसके लिए ट्रेनों का आवागमन करीब एक घंटे के लिए ठप किया गया था। गार्डर को सही ढंग से रखने के लिए गोरखपुर से कुशल मजदूरों की टीम को क्रेन के साथ मंगवाया गया था। इसके बाद तीसरा और चैथा गार्डर रखा जाना है। एक, दो दिन बाद उसकी भी लांचिंग होनी है।

### 35 मीटर अंदर, सौ साल से पहले हिलेगा नहीं

पुल का निर्माण उच्च तकनीकी को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। ब्रिज के निर्माण में लगे इंजीनियरों का कहना है कि इसके पिलर नदी के नीचे जमीन के अंदर 35 मीटर गहराई में ढाले गये हैं। फिलहाल कम से कम सौ साल तक टस से मस नहीं होगा।

## सीओ व एसडीएम ने थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्राधिकारी कार्यालय मे एसडीएम व सीओ की मौजूदगी मे सर्किल के थाना प्रभारियो की बैठक हुई। बैठक मे आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अफसरो ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया। एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह व सीओ रामसूरत सोनकर ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने इलाके मे अति संवेदनशील व संवेदनशील बूथो की अलग से सूची तैयार कर अभी से उपद्रवियों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दें। अफसरो ने थाना प्रभारियो से कहा कि बूथो की सूची तैयार करने के साथ ही चुनाव को प्रभावित करने वाले उपद्रवियों पर भी कड़ी निगाह रखते हुए उनकी गतिविधियों की निगरानी की जाय। इस मौके पर लालगंज कोतवाली प्रभारी कमलेश पाल, सांगीपुर थानाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, उदयपुर थानाध्यक्ष एहसानुलहक व संग्रामगढ़ थानाध्यक्ष अनिल पाण्डेय मौजूद रहे।

# झूठ को सच मैं कहना नहीं जानता

## स्वामी करपात्री जन्मस्थली मे हुआ कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज की जन्मस्थली भटनी मे कवि सम्मेलन एवं स्वामी करपात्री सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि संगम काशी प्रांत के अध्यक्ष अंजनी अमोघ एवं संचालन संयोजक कवि सौरभ ओझा ने किया।

कवि सम्मेलन में बिहारीलाल अम्बर ने लोगो को खूब हंसाया। अमेठी के ओज कवि अनुरूद्ध मिश्रा ने पढा-कलम का सिपाही भले कुछ भी हो झूठ को सच मैं कहना नहीं जानता। वहीं अनूप प्रतापगढ़ी ने पढा-तुम्हारी याद में देखो अभी तक हूँ यहीं बैठा, कहाँ जाऊँ, किधर जाऊँ, नही दिखती कोई राहें। प्रयागराज के युवा कवि अमित आभाष की पंक्तियां भगत बोस आजाद के जैसे अंगारो सी जवानी हो, दुश्मन से यदि जंग छिडे तो दुश्मन पानी पानी हो। लखनऊ के जितेंद्र जय ने भी लोगों को रंगत मे लाते हुए गुनगुनाया-मेहनत पर भरोसा आज भी है, नुमाइश के शौक पाले नहीं ध्रुव सनकी ने भी गजब का रंग जमाया। कार्यक्रम में ओज कवि अंजनी अमोघ ने अपनी रचनाओं से राष्ट्रीयता का संचार पैदा किया। अमोघ की लाइनें शिल्पी हूँ और परवाज भरता हूँ रस छन्द से कविता में साज भरता हूँ पर जमकर तालियां बजी दिखी। आयोजक कवि सौरभ ओझा की बने जो यह गोकुल तो भी घनश्याम बन जिऊ भी सराही गयी। कार्यक्रम की शुभारंभ यूथ कांग्रेस अमेठी के जिलाध्यक्ष अर्जुन पासी के साथ बिजय मिश्रा बाबी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विशिष्ट अतिथि सुनील त्रिपाठी ने कहा की इस तरह का आयोजन सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना का संचार किया करता है। अति विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि स्वामी करपात्री जी महाराज का हमारे जनपद मे जन्म लेना विश्व की सनातन आस्था के लिए गर्व है। आभार प्रदर्शन राकेश चतुर्वेदी एवं प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह ने सभी का स्वागत किया। वहीं प्रारम्भ मे कार्यक्रम के ध्येय पर प्रकाश डालते हुए डा. देवेश त्रिपाठी ने स्वामी करपात्री जी महाराज के जीवन चरित्र का बखान किया। इस मौके पर एसएन त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, कुलदीप पाण्डेय, राजू शुक्ल, रामजीत सरोज, हरिश्चन्द्र सरोज, प्रमोद सरोज, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, सचिन शर्मा, संजय ओझा, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, राम नरेश यादव, सोनू पाण्डेय, संदीप सरोज, शिवकुमार ओझा, अविनाश चंद्र पाण्डेय, नवीन द्विवेदी, सौरभ द्विवेदी, राहुल सिंह आदि रहे।

# वैवाहिक विवादों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कराएं समाधान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने कहा है कि वैवाहिक विवादों से परेशान होने की जरूरत नही है, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सरल समाधान कराया जा सकता है। वैवाहिक मामलों के सरल समाधान के लिये सन्धि के आधार पर विवादों को निपटाने के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कहा कि वैवाहिक मामलों में हो रहे विवादों से घबराने की जरूरत नही है। पति पत्नी के बीच विभिन्न कारणों से हुये विवाद का निस्तारण कराने के लिये पति पत्नी अथवा नजदीकी रिश्तेदार दीवानी न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के कार्यालय में प्रार्थना पत्र दें सकते है।

उन्होने बताया है कि प्रार्थना पत्र विवाद का संक्षिप्त विवरण, प्रार्थना पत्र देने वाले के नाम के साथ ही विपक्षी का नाम, पता, फोन नम्बर के साथ ही फोटोग्राफ और पहचान पत्र देना होगा। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद विपक्षी को प्राधिकरण की ओर से नोटिस देकर बुलाया जायेगा। सचिव ने बताया है कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से विशेषज्ञ दोनो पक्षों को सुनकर समझौता करवायेगें। आपसी सहमति के आधार पर समझौता होने के बाद लोक अदालत अपना निर्णय देगा। लोक अदालत में हुये समाझौते के बाद किसी अन्य न्यायालय में चुनौती नही दी जा सकती। लोक अदालत का फैसला ही सर्वमान्य और अन्तिम फैसला होगा। सचिव ने बताया है कि लोक अदालत से जहां एक ओर न्यायालयों में चल रहे वादों में कमी आयेगी वही दूसरी ओर समझौते के आधार पर वैवाहिक विवादों का समाधान हो सकेगा। सचिव ने बताया है कि जनसामान्य अधिक जानकारी के लिये टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# भाजपा ने देश की धरोहर को बनाने का किया काम : सुब्रत पाठक

## भाजपा युवा मोर्चा के युवा सम्मेलन में पिन्टू तिवारी हजारों समर्थकों के साथ।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मानसरोवर मैरेज हॉल में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक कन्नौज के सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने कहा कि हमारी पार्टी ने देश की धरोहर को सजाने और बनाने का काम किया है। जबकि समाजवादी पार्टी देश में अराजकता फैलाने और अपने परिवार-खानदान को बनाने का काम किया है।

उन्होंने कहा देश व प्रदेश में शासन कर रही भाजपा सरकार परिवारवाद और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा नहीं देती। भाजपा पूरा जोर विकास पर देती है, जिसका जीता जागता उदाहरण बेल्हा प्रतापगढ़ है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार सिर्फ जनता के हित और विकास को ध्यान में रखकर काम




प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

करती आ रही है। सांसद ने कहा कि सपा के शासन मे पूरे प्रदेश में फैले गुंडाराज, माफियाओं और दंगाईयों पर लगाम लगाने का काम योगी सरकार ने किया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजयुमो के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए सरकार की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ल,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गौरव वत्स, क्षेत्रीय मंत्री सत्यम हिन्दू रानीगंज विधायक धीरज ओझा जिला महामंत्री राजेश सिंह ने अपने संबोधन से युवाओ का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान मोर्चा के महामंत्री पिन्टू तिवारी हजारों कार्यकताओं के साथ पहुंचे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह,सुभाष मिश्रा, शुभम सिंह, महामंत्री सुजीत पाण्डेय, नितेश श्रीवास्तव, जिला मंत्री अर्पित तिवारी कुमुद त्रिपाठी, सुनील सरोज, मीडिया प्रभारी गिरीश पाण्डेय गोलू, शैलेश मिश्रा, सर्वेश्वर उपाध्याय, रोहित सन्याशी, मण्डल अध्यक्ष विपुल शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय से बर्तन व राशन समेत हजारों की चोरी, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के परसपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षण कक्षों का ताला तोडकर चोरों ने रविवार की रात कुर्सी, खेलकूद का सामान, बर्तन व राशन समेत कीमती सामानो पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने प्रधानपति संजय पाल को सूचना दी। जिसके बाद उन्होनें शिक्षको को घटना की जानकारी दी। मामले मे प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप कुमार मिश्र ने लालगंज कोतवाली मे चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है। कोतवाल ने बताया कि जांच की जा रही है, शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# दिल्ली में लॉकडाउन की संभावनाएं बढ़ीं

## आज 4100 नए मरीज मिले, एक्टिव केस 11000 के करीब, संक्रमण दर 6% के पार



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कोरोना महामारी बेकाबू होने से लोगों में दहशत का माहौल है। सोमवार को इस साल पहली बार कोरोना के 4000 से अधिक नए केस मिलने के बाद यहां संक्रमित मरीजों का कुल आंकड़ा बढ़कर 14.58 लाख के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही अब एक बार फिर पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 6.46 फीसदी हो गया है। कोरोना संक्रमण से आज 1 और मरीज की मौत हो गई। संक्रमण दर बढ़ने के बाद दिल्ली में लॉकडाउन लगने की संभावनाएं जोर पकड़ने लगी हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में जहां कोरोना के 4,099 नए मरीज मिले हैं, वहीं 1 और मरीज की मौत के बाद मृतकों का कुल आंकड़ा बढ़कर 25,100 पर पहुंच गया है। रविवार को 3,194 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। बुलेटिन के अनुसार, आज 1509 मरीज पूरी तरह ठीक होकर कोरोना मुक्त हो गए, जबकि रविवार को यह संख्या 1156 थी।

स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दिल्ली में अब तक संक्रमितों की कुल संख्या 14,58,220 हो गई है और 6,288 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। राजधानी में आज कोरोना के एक्टिव केस भी बढ़कर 10,986 हो गए हैं। वहीं, अब तक कुल 14,22,124 मरीज इस महामारी को मात देकर कोरोना मुक्त हो चुके हैं।

दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, आज दिल्ली में कुल 63,477 टेस्ट किए गए हैं। इनमें से 57,813 आरटीपीआर/सीबीएनएएटी / ट्रूनैट टेस्ट और 5,664 रैपिड एंटीजन टेस्ट शामिल थे। दिल्ली में अब तक कुल 32,93,2684 जांचें हुई हैं और प्रति 10 लाख लोगों पर 17,33,299 टेस्ट किए गए हैं। इसके साथ ही आज दिल्ली में कंटेनमेंट जोन की संख्या भी बढ़कर 2008 पर पहुंच गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने सोमवार को कहा कि राजधानी दिल्ली में हाल ही में जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए नमूनों में से 84 प्रतिशत में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि शहर में हालांकि दैनिक मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है क्योंकि ज्यादा लोगों में गंभीर लक्षण नहीं दिख रहे या उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

### मुंबई से गोवा पहुंचे कॉर्डेलिया क्रूज पर कोरोना का विस्फोट, 2000 यात्रियों में से 66 पॉजिटिव

**पणजी।** आर्यन खान ड्रग्स मामले के बाद कॉर्डेलिया क्रूज एक बार फिर चर्चा में है। हालांकि, इस बार मामला कोरोना वायरस से जुड़ा हुआ है। मुंबई से गोवा के लिए रवाना हुए इस क्रूज में कोरोना का विस्फोट हो गया है। सबसे पहले क्रूज का चालक दल का एक सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। फिलहाल क्रूज पर सवार करीब 2000 यात्रियों में से कुल 66 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने सोमवार को कहा कि चालक दल के सदस्य की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर अब सभी यात्रियों की टेस्टिंग की गई है। जिसमें 66 यात्रियों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। ये यात्री मुंबई से गोवा के लिए रवाना हुए थे। मुंबई से गोवा पहुंचे जहाज को रविवार को समुद्र में ही रोक दिया गया था। बाद मे सभी यात्रियों का टेस्ट कराए जाने की शर्त पर इसको जाने दिया गया।

# पीएम नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं शाह, कुछ गलत नहीं कहा, सत्यपाल मलिक ने दी अब सफाई



**नईदिल्ली।** किसान आंदोलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के रवैये पर अमित शाह की ओर से सवाल उठाए जाने के अपने दावे पर सत्यपाल मलिक ने अब सफाई दी है। मेघालय के गवर्नर ने कहा कि मैंने यह नहीं कहा कि अमित शाह ने पीएम नरेंद्र मोदी के लिए कुछ भी गलत कहा। अपने बयान को लेकर सफाई देते हुए सत्यपाल मलिक ने एनडीटीवी से बातचीत में कहा, अमित शाह तो पीएम नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने उनके बारे में कुछ भी गलत नहीं कहा। उन्होंने यह जरूर कहा था कि कुछ लोग पीएम मोदी को मिसगाइड करते हैं। आप मिलते रहिए। एक दिन उन्हें बात समझ में आ जाएगी।

सत्यपाल मलिक ने कहा, मैंने पीएम नरेंद्र मोदी से जब भी बात की तो उनका रवैया बहुत अड़ियल था। उन्होंने कहा कि आप अमित शाह से मिलो। पीएम नरेंद्र मोदी का अमित शाह बहुत सम्मान करते हैं। मैं जब अमित शाह से मिला तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने इन्हें मिसगाइड कर रखा है और एक न एक दिन वह जरूर समझेंगे। अपने बयान के चलते अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच रिश्ते खराब होने के कयासों को लेकर सत्यपाल मलिक ने कहा कि दोनों लोगों के बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का अमित शाह बहुत सम्मान करते हैं। सत्यपाल मलिक ने कहा कि भले ही केंद्र सरकार किसान आंदोलन के मामले में देर आई, लेकिन दुरुस्त आई। फिर भी यह फैसला पहले ले लिया जाता तो और बेहतर होता, इतने लोग मरने से बच जाते। इस बयान के बाद खुद के लिए मुश्किलें होने के सवाल पर सत्यपाल मलिक ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस टोन में इन कानूनों को वापस लिया, उससे समाज उनकी गुडविल बढ़ी है। कृषि कानूनों के रद्द होने के बाद की स्थिति पर सत्यपाल मलिक ने कहा कि लोगों का रवैया अब पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति बदला है। भाजपा के प्रति भी लोगों का रवैया नरम हुआ है। जो भी हुआ है बहुत अच्छा हो गया है।



### टैक्स चोरीः आयकर विभाग ने इत्र कारोबारी पुष्पराज जैन को हिरासत में लिया, पूछताछ जारी

**कन्नौज, कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में इत्र कारोबारी और समाजवादी पार्टी (सपा) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) पुष्पराज जैन उर्फ पम्पी को टैक्स चोरी के मामले में आयकर विभाग ने सोमवार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुष्पराज जैन के कन्नौज स्थित आवास एवं अन्य ठिकानों पर पिछले चार दिनों से छापेमारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीम ने सोमवार की सुबह पुष्पराज जैन को हिरासत में लिया। इसके बाद उन्हें कानपुर लाया गया है। सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग की टीम पम्पी को उसके कानपुर में रानी घाट चौराहे पर स्थित आवास रतन प्रेसिडेंसी आवास लेकर पहुंची है। पम्पी और उसके भाई अतुल जैन से पूछताछ के साथ ही आयकर की छापेमारी अभी भी जारी है। समझा जाता है कि आवासीय सोसाइटी रतन प्रेसिडेंसी में स्थित जिस फ्लैट में पम्पी को लेकर आयकर विभाग की टीम पहुंची है वह उसके छोटे भाई अतुल जैन का है और इसे पिछले दिनों सील किया गया था। सूत्रों ने बताया कि अब तक की जांच में आयकर विभाग को पम्पी के 10 करोड़ रुपये की फर्जी खरीद के बिल और 10 करोड़ की बोगस एंट्री के दस्तावेज मिले हैं। इनकी जांच की जा रही है।

आपको बता दें कि सपा एमएलसी पुष्पराज जैन के ठिकानों से आयकर विभाग को तीसरे दिन दस करोड़ रुपये की फर्जी खरीद और दस करोड़ की बोगस इंट्री के दस्तावेज मिले हैं, इनकी जांच की जा रही है। इससे पहले मिडिल ईस्ट से करीब 40 करोड़ रुपये के निवेश के कागजात पाए गए थे। आयकर विभाग ने पम्पी जैन और मलिक ग्रुप के कानपुर, कन्नौज, लखनऊ, दिल्ली, मुंबई और हाथरस के 35 परिसरों पर छापेमारी की थी। रविवार तक कानपुर और लखनऊ सहित 23 परिसरों की जांच हो गई। अभी भी 12 और जगहों पर छानबीन चल रही है।



### क्या यह सच है? सत्यपाल मलिक के पीएम नरेंद्र मोदी पर अहंकार से भरे होने के आरोपों पर कांग्रेस ने बोला हमला

**नई दिल्ली।** मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी पर अहंकार से भरे होने का आरोप लगाए जाने के बाद कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने सत्यपाल मलिक के हो रहे वीडियो को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से सफाई देने की मांग की है। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी को यह बताना चाहिए कि क्या सत्यपाल मलिक ने जो कहा है, वह सही है। हरियाणा के चरखी दादरी में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए सत्यपाल मलिक ने कहा था, मैं जब किसानों के मामले में प्रधानमंत्री से मिलने गया तो मेरी 5 मिनट में लड़ाई हो गई। वह बहुत घमंड में थे। जब मैंने कहा कि कुतिया भी मरती है तो आप चिट्ठी लिखते हो, हमारे 700 लोग मर गए।

सत्यपाल मलिक ने कहा कि मेरे सवाल पर पीएम मोदी ने जवाब दिया कि क्या वो हमारे लिए मरे हैं। मैंने कहा कि आपके लिए तो मरे ही हैं, जो आपको उन्होंने सत्ता पर बैठाया है। इसके बाद वह नरम हुए और उन्होंने कहा कि तुम अमित शाह से मिल लो। सत्यपाल मलिक ने कहा कि मैं जब अमित शाह से मिला तो उन्होंने कहा कि लोगों ने इनकी अक्ल मार रखी है। तुम बेफिक्र रहो और मिलते रहो। सत्यपाल मलिक का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले भी किसान आंदोलन को लेकर सत्यपाल मलिक के कई बयान वायरल हो चुके हैं।

सत्यपाल मलिक के बयान का वीडियो शेयर करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने ट्वीट किया, मेघालय के गवर्नर सत्यपाल मलिक ने ऑन रिकॉर्ड कहा है कि किसानों के मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी अहंकार से भरे हुए थे। इसके अलावा अमित शाह ने पीएम को पागल बताया था। संवैधानिक संस्थाएं आपस में एक-दूसरे के लिए इस तरह की बात कर रही हैं। नरेंद्र मोदी जी बताएं क्या मलिक की बातें सच हैं।

# लखीमपुर खीरी हिंसाः केंद्रीय मंत्री का बेटा आशीष मिश्रा मुख्य आरोपी

### 5 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में हिंसा मामले में आज मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा सहित 13 अन्य के खिलाफ एसआईटी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। हिंसा के 88 दिन बाद दाखिल इस चार्जशीट में आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को मुख्य आरोपित बताया गया। एसआइटी की चार्जशीट पूरे पांच हजार पन्नों की है। इसमें बताया गया है कि आशीष मिश्रा मोनू घटनास्थल पर मौजूद था। आपको बता दें कि पिछले दिनों एसआईटी ने लखीमपुर हिंसा मामले में हादसे की धाराएं हटाकर उनकी जगह पर हत्या के प्रयास, अंग भंग, एक राय होकर क्राइम करना व असलहों के दुरुपयोग की धारा बढ़ दी थी।

विवेचक ने रिमांड फाइल और अदालती मुकदमे में इन धाराओं को बढ़ाने के लिए कोर्ट में एप्लिकेशन दी थी। जिस पर आशीष समेत सभी आरोपी कोर्ट तलब किये गए थे। खास बात है कि एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में माना है कि यह क्राइम किसी लापरवाही का नतीजा नहीं, बल्कि जानबूझकर, साजिशन और जान लेने की नीयत से किया गया अपराध है। इस खुलासे के बाद सभी आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या के बजाय हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। एसआईटी ने अब सभी आरोपियों पर 307, 326, 302, 34,120 बी,147, 148,149 के तहत मामला दर्ज किया है। इससे पहले लखीमपुर कांड के गुनहगारों पर आईपीसी की धारा 279, 338, 304 ए के तहत कार्रवाई की जा रही थी। लखीमपुर के तिकुनिया में 3 अक्टूबर को हुए बवाल में चार किसानों समेत 5 की मौत हुई थी। इस मामले में देश के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष समेत 13 आरोपी जेल में बन्द हैं। एसआईटी ने आशीष मिश्र अंकित दास को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। उसके अलावा इस मामले में लवकुश, आशीष पांडे, शेखर भारती, लतीफ उर्फ काले, शिशुपाल, नंदन सिंह विष्ट, सत्यम त्रिपाठी उर्फ सत्य प्रकाश, सुमित जायसवाल, धमेन्द्र, रिंकू राना और उल्लास त्रिवेदी जेल में है। किसानों का आरोप है कि जिस एसयूवी से कुचले जाने से किसानों की जान गई, वह गाड़ी अजय मिश्र टेनी की है और उसे उनका पुत्र आशीष मिश्र चला रहा था। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर नौ अक्टूबर को आशीष को गिरफ्तार किया था।



### इमरान खान की पूर्व पत्नी की कार पर फायरिंग, पूछा- यही है नया पाकिस्तान?

**नई दिल्ली।** इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान पर जानलेवा हमला हुआ है और उनकी कार पर अंधाधुंध फायरिंग हुई है। यह सब तब हुआ जब वह एक शादी से रात को घर लौट रही थी, इसी दौरान उनकी कार पर अचानक फायरिंग की गई। उन्होंने इस बारे में खुद जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट कर इमरान खान सरकार पर निशाना साधा है, इतना ही नहीं उन्होंने पूछा कि क्या यही नया पाकिस्तान है। दरअसल, सोमवार को अपने ट्ववीट में उन्होंने लिखा, अपने भतीजे की शादी से लौटकर रात को घर लौट रही थी, इसी दौरान बाइक से आए दो लोगों ने कार पर फायरिंग की। उन्होंने गाड़ी को रोकने की कोशिश की, इस दौरान सुरक्षाकर्मी और ड्राइवर भी कार में मौजूद थे। मैंने अपनी गाड़ी बदली। क्या यही इमरान खान का नया पाकिस्तान है? लुटेरों, कायरों और लालची के देश में आपका स्वागत है।

अपने एक और ट्वीट में उन्होंने लिखा कि मैं एक आम पाकिस्तानी की तरह पाकिस्तान में ही जीना और मरना चाहती हूं। चाहें मुझ पर कायराना हमला हो या बीच सड़क पर कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई जाएं। इस कथित सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मैं अपने देश के लिए गोली खाने को भी तैयार हूं। मैं मौत या चोट से नहीं डरती, लेकिन मैं उन लोगों के लिए चिंतित हूं, जो मेरे लिए काम करते हैं। बता दें कि ब्रिटिश पाकिस्तानी मूल की पत्रकार रेहम खान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की दूसरी पत्नी थीं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक 211019 से प्रकाशित स्वामी श्री योगी सत्यम एवम योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराजसे मुद्रित एवम क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

# सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार को तगड़ा झटका

### शुभेंदु अधिकारी को हाई कोर्ट से मिली राहत बरकरार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से पश्चिम बंगाल की ममता सरकार का तगड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट की ओर से बंगाल में बीजेपी के नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को गिरफ्तारी से मिली राहत बरकरार रखने का निर्देश दिया है। दरअसल, कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने पिछले साल 6 सितंबर को शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी। जिसके बाद बंगाल सरकार ने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एस बोपन्ना की पीठ ने यह कहते हुए दखल देने से इनकार कर दिया कि यह उसी आदेश के खिलाफ आने वाला दूसरा मामला है। इससे पहले 13 दिसंबर को भी सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और एक शिकायतकर्ता द्वारा दायर की गई अपीलों को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि अधिकारी की याचिका पर अंतिम विचार लंबित रहने तक हाई कोर्ट के आदेश को अंतरिम निर्देश के रूप में माना जाए। तब सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को हाई कोर्ट से समझ एक आवेदन दायर करने की अनुमति दी थी। वर्तमान अपील में, बंगाल सरकार ने हाई कोर्ट की खंडपीठ द्वारा अपने लेटर पेटेंट अपील (एलपीए) को खारिज करने पर सवाल उठाया था। पीठ ने कहा, चूंकि सिंगल बेंच के आदेश को हमारे सामने चुनौती दी गई थी, इसलिए एलपीए की स्थिरता का मुद्दा अब महत्वहीन हो गया है। इसलिए पार्टियों पर 13 दिसंबर का आदेश ही लागू होंगे। अधिकारी ने राज्य में अपने खिलाफ दर्ज सात आपराधिक मामलों में गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट के आदेश ने अधिकारी के खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी थी, जबकि राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। अधिकारी ने बंगाल सरकार के कदम को प्रतिशोधात्मक कार्रवाई का आरोप लगाया है। सात मामलों में एक मामला 5000 रुपए और एक सोने की चेन की चोरी से संबंधित है जबकि दूसरा अधिकारी के इशारे पर तिरपाल की चारद चोरी से संबंधित हैं। इसके अलावा अधिकारी के निजी सुरक्षा अधिकारी (रढड) की कथित आत्महत्या के एक पुराने मामले को भी इसमें शामिल किया गया है जिसमें पुलिस ने मृतक की पत्नी के शिकायत को आधार बनाया है। मृतक की पत्नी ने पति की हत्या का आरोप लगाया था।

# रेसेप तैयब एर्दोगन की नीतियों से भयानक महंगाई की चपेट में तुर्की, 19 साल के उच्च स्तर पर पहुंची मुद्रास्फीति

**अंकारा (एजेंसी)।** तुर्की की वार्षिक मुद्रास्फीति 19 वर्षों में सबसे तेज गति से चढ़कर दिसंबर में 36.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। सोमवार को आधिकारिक आंकड़ों से ये जानकारी सामने आई है। तुर्की सांख्यिकी संस्थान ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में पिछले महीने की तुलना में दिसंबर में 13.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे लोगों की क्रय यानी खरीदने की शक्ति और कम हुई। आंकड़ों से पता चलता है कि खाद्य कीमतों में सालाना वृद्धि 43.8 फीसदी रही। तुर्की में सितंबर 2002 के बाद से वार्षिक मुद्रास्फीति की दर सबसे अधिक थी। देश में मुद्रास्फीति बढ़



रही है, जबकि तुर्की लीरा (तुर्की की मुद्रा का नाम छ्श् है) रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर रही है। ऐसा इसलिए भी हुआ माना जा रहा है क्योंकि राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के दबाव में देश के केंद्रीय बैंक ने सितंबर में एक प्रमुख ब्याज दर में 5 प्रतिशत अंक की कटौती की थी। कमजोर मुद्रा ने आयात, ईंधन और रोजमर्रा की वस्तुओं को और अधिक महंगा बना दिया है और देश में लगभग 84 मिलियन लोगों को भोजन और अन्य बुनियादी सामान खरीदने के लिए संघर्ष करना पड़ा है।कई लोग अपनी सेविंग बचाने के लिए विदेशी मुद्रा और सोना खरीद रहे हैं। पिछले महीने, एर्दोगन ने डॉलर के मुकाबले तुर्की की मुद्रा 18.36 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अस्थिरता के बचने के लिए लीरा सुरक्षा के उपायों की घोषणा की थी। घोषणा के बाद तुर्की मुद्रा ने वापसी की लेकिन तब से उसने उस वृद्धि को खो दिया है। पिछले साल डॉलर के मुकाबले लीरा में लगभग 44% की गिरावट आई थी। एर्दोगन विकास को बढ़ावा देने के लिए उधार लेने की लागत कम करने पर जोर देते हैं, हालांकि अर्थशास्त्रियों का तर्क है कि ऊंची ब्याज दरें बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने का तरीका है।

### 2021 में 45 पत्रकार काम के दौरान मारे गए

**नई दिल्ली।** अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए 2021 में 45 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए. सबसे ज्यादा मौतें अफगानिस्तान में हुई हैं. इस सूची में पाकिस्तान और भारत का नाम भी शामिल है.दुनिया के सबसे बड़े पत्रकारों के संगठन इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) द्वारा जारी विवरण में यह जानकारी सामने आई है. आईएफजे के अनुसार यह 30 वर्षों में सबसे कम मृत्यु दर है. 2020 में यह संख्या 65 थी. लेकिन आईएफजे ने कहा कि 2021 में संख्याएं एक प्रवृत्ति की पुष्टि करती हैं जो यह दशार्ती हैं कि मीडिया कर्मचारियों को अक्सर अपने सुमदायों, शहरों और देशों में भ्रष्टाचार, अपराध को उजागर करने के लिए मार दिया जाता है. काम के लिए जान देने वाले पत्रकार आईएफजे के महासचिव एंथनी बेलांजे के मुताबिक, श्हिंसा में हमने जो 45 साथी खो दिए हैं, वे हमें दुनिया भर में जनहित की रक्षा के लिए पत्रकारों द्वारा किए गए भयानक बलिदानों की याद दिलाते हैं. हम हमेशा उनके और उन हजारों अन्य पत्रकारों के ऋणी रहेंगे जिन्होंने अपनी जिम्मेदारियों के लिए भारी कीमत चुकाई हैश् बेलांजे ने कहा कि उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का सबसे अच्छा तरीका न्याय के लिए अथक प्रयास करना है ताकि उस उद्देश्य को पूरा किया जा सके जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन दिया. उन्होंने कहा कि मारे गए 45 पत्रकार 20 अलग-अलग देशों के थे। उनमें से 33 को निशाना बनाया गया और मार डाला गया. उनमें से नौ अफगानिस्तान में, आठ मेक्सिको में, चार भारत में और तीन पाकिस्तान में मारे गये।

## खबर संक्षेप

### भरवारी मनौरी में व्यापारियों के साथ मंत्री करेंगे बैठक

**कौशांबी।** आगामी 8 जनवरी को कानपुर में आयोजित आगाज कार्यक्रम 2022 की सफलता को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी 4 जनवरी को भरवारी कस्बे के एक गेस्ट हाउस में और मनौरी कस्बे के एक स्कूल में व्यापारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सफलता पर चर्चा करेंगे।

### दिसंबर का नहीं मिल रहा राशन

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत के कोटेदार पति ने राशन बांटना बन्द कर दिया राशन बटना ना देखकर कार्डधारक मायूस हो गए ग्रामीणों के अनुसार कोटेदार का पति मशीन को पटककर खराब कर राशन बाटना बन्द करा दिया आखिर ऐसे कोटेदार पर अधिकारी कारवाही क्यों नही करते जब की सरकार की इस योजना से वंचित करने से जनता में सरकार के खिलाफ रोष उत्पन्न की स्थिति बनती जा रही हैं।

# जनता को तेल देकर तेल निकालने का योगी सरकार ने किया काम : इंद्रजीत

अखंड भारत संदेश

**बंधवा कल्याण आर्का महावीर पुर दाढ़ी दशरथपुर सचवारा बंधुरी रसूलीपुर सहित दर्जनों गांव का भ्रमण कर साधा भाजपा सरकार पर निशाना**

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बंधवा कल्याण आर्का महावीर पुर दाढ़ी दशरथपुर सचवारा बंधुरी रसूलीपुर आदि गांव का दौरा सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने किया आम जनता से मुलाकात और क्षेत्र भ्रमण के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज भाजपा सरकार पर जम कर बरसे उन्होंने कहा कि योगी सरकार और मोदी सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है योगी सरकार ने तेल देकर जनता का तेल निकाल लिया गैस सिलेंडर 1000 रुपए में बिक रहा इससे पहले गैस सिलेंडर की कीमत 450 रुपए थी उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सब्सिडी देने की बात कह कर गैस सिलेंडर महंगा किया ना तो अब सब्सिडी आ रही है और सिलेंडर का रेट भी महंगा है। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने कहा कि आवारा पशु घूम रहे हैं किसान परेशान हैं रात दिन किसान खेतों में डेरा जमाए हुए हैं किसान खेत की रखवाली कर रहे हैं डीजल पेट्रोल का दाम आसमान छू रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी मोदी सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है 2022 में भाजपा सरकार नहीं बनने वाली इंद्रजीत सरोज ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार बनने पर घर की बिजली फ्री समरसेबल की बिजली फ्री राशन फ्री किसानों का कर्ज माफ महिलाओं को 1500 पेंशन देने का ऐलान किया है इस मौके पर जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव उपाध्यक्ष खलीक अहमद उर्फ निक्के परवेज अख्तर अंसारी सोनी चौधरी इस्तेखार अहमद सैफी विधान सभा अध्यक्ष मान सिंह पटेल भोला सरोज सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



मंच पर उपस्थित सपा राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज व अन्य सपा नेता

# सिराथू सर्किल में चोरियों की बाढ़ एजेंसी से लाखों का सामान फिर उठा ले गए चोर

**चोरियों का खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलंद जिम्मेदार गुडवर्क दिखाकर थपथपा रहे है अपनी पीठ**

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू सर्किल में बुलंद हौसलों से चोर गिरोह सक्रिय हैं,कहीं ग्रामीणों की भैंस खोल ले जाते हैं कही घरों दुकानों से चोरी करते हैं मोटरसाइकिल गायब करना बाएं हाथ का खेल हो गया है बीती रात फिर सैनी कोतवाली के पास एक बाइक एजेंसी के शोरूम में चोरों ने धावा बोलकर लाखों का सामान गायब कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली से कुछ कदम दूर फायर स्टेशन के बगल में स्थित टीवीएस एजेंसी के शोरूम का ताला तोड़कर चोरों ने धावा मारकर लाखों की नकदी कल पुर्जे सहित लाखों का माल लेकर चंपत हो गए सुबह एजेंसी संचालक की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है अब सवाल उठता है क्या छानबीन ही होगी य चोरियों का खुलासा भी होगा या अवैध वसूली ,वीआईपी ड्यूटी में ही पुलिस व्यस्त रहेगी! नगर पंचायत अझुवा किराना व्यापारी गोपीचंद्र केसरवानी के यहां 17 मार्च 2021 की रात चोरों ने 30 लाख की नकदी सहित जेवरात पार कर दिया था जिसका खुलासा नही हो सका है जबकि मौके पर पुलिस उच्च अधिकारी पहुंचकर छानबीन कर शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया था लेकिन 10 महीने बीत जाने के बाद भी घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकती है इसके अलावा इलाके में कई अन्य घटनाएं घटित हो चुकी हैं जिनका खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।





## नए साल पर विधायक संजय गुप्ता ने आशा बहुओं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को किया सम्मानित

**कौशाम्बी।** चायल विधायक संजय गुप्ता ने नए साल के मौके पर चायल और मूरतगंज ब्लॉक की सभी आशा बहुओं, आगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका समूह की अध्यक्ष महिलाओं को सम्मानित किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आप सभी को सम्मानित करना मेरे लिए गर्व की बात है। चायल विधायक संजय गुप्ता ने सोमवार को पहले चायल ब्लॉक परिसर एवं उसके बाद मूरतगंज ब्लॉक परिसर में सभी आशा बहुओं, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका समूह की महिलाओं की अध्यक्षों को एक-एक बैग डायरी एवं नए साल का कैलेंडर देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज की धरती पर आकर आप सभी का सम्मान किया था तभी हमने संकल्प किया था कि जल्द ही हम भी आप सभी को सम्मानित करेंगे। संजय गुप्ता ने आशा बहुओं की तारीफ करते हुए कहा कि आप सभी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि एक बेहतर समाज निर्माण हेतु आप सभी का प्रयासरात काबिले तारीफ है। नए समाज के निर्माण की जिम्मेदारी आप सभी के कंधो पर है, अभी तक आपने इस जिम्मेदारी को बखूबी समझा और निभाया है। संजय गुप्ता ने आखिर में कहा कि आप सभी को सम्मानित करना मेरे लिए गर्व की बात है।

## विधायक संजय गुप्ता ने शेखपुर रसूलपुर की सड़क का किया भूमि पूजन

**कौशाम्बी।** चायल विधायक संजय गुप्ता ने सोमवार को शेखपुर रसूलपुर मजरा दशाराम का पुरवा की जर्जर सड़क के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। 400 मीटर लंबे सीसी मार्ग हेतु शासन ने 29 लाख 47 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। अपनी विधायक निधि से सड़क निर्माण करवा रहे विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि सड़क निर्माण में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद भी हम रुकने वाले नही हैं। हमारी नजर न सिर्फ नगरीय सड़क बल्कि ग्रामीण सड़क पर भी है और सभी के सड़क निर्माण हेतु हम संकल्पित हैं। विधायक ने शेखपुर के अलावा उदाथु की सड़क का भी भूमिपूजन किया। इसके पहले उन्होंने रविवार को क्यामुद्दीनपुर में गौसपुर रोड से गांव में जाने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किया था 16 लाख 81 हजार की लागत से बनने वाली इस सड़क से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।



सड़क निर्माण के पूर्व भूमि पूजन करते चायल विधायक संजय गुप्ता

## कोटा निलंबन के बाद जिला पूर्ति अधिकारी पर भड़के ग्रामीण, धरना प्रदर्शन कर अधिकारियों की मंशा पर उठाये सवाल

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड क्षेत्र के पनारा गोपालपुर गांव के कोटेदार इंदरलाल की उचित दर की दुकान को जांच के बाद उप जिलाधिकारी मंझनपुर ने निलंबित कर दिया है और पनारा गोपालपुर के राशन के वितरण का जिम्मा पनारा गोपालपुर की दूसरी दुकान मथुरा प्रसाद के यहां कार्ड को 28 दिसंबर 2021 को संबद्ध कर दिया है लेकिन जैसे ही दूसरे कोटेदार के यहां कार्ड संबंध किए गए हैं अधिकारियों से शिकायत कर इंदर लाल के कोटा को निलंबित करने की मांग करने वाले लोग उसके पक्ष में आ गए हैं और सैकड़ों महिला पुरुषों ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर इंदर लाल कोटेदार की उचित दर की दुकान को बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों ने द्वेष पूर्ण भावना में कोटा का गलत निलंबन किया, जिसे बहाल किया जाए। जिन्होंने डीएम को शिकायती पत्र देकर कोटेदार पर राशन का वितरण नही किए जाने का आरोप लगाया था वह भी धरना प्रदर्शन कर अब कोटेदार को सही ठहरा रहे थे। धरना प्रदर्शन में ग्राम प्रधान छेदीलाल रमेश कुमार मुकेश कुमार ज्ञान सिंह जुबेर अहमद वीरेंद्र कुमार सुशील कुमार अजय कुमार जगमोहन सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे।


नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ शारदा कोल्ड स्टोरेज एवं कौशाम्बी फिलिंग सेंटर
प्रो0 शुभम केशरवानी पुत्र प्रकाश चन्द्र केशरवानी
समदा जनपद कौशाम्बी

कार्यालय जिला पंचायत -कौशाम्बी
भरो कर-रहो निडर
नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ समस्त सम्मानित जनप्रतिनिधियों, करदाताओं, लाइसेंस धारको, दुकानों के किरायेदारों तथा वसूली प्रमाण पत्र के सापेक्ष विभिन्न मदों-ईट-भट्ठा व्यवसाय, नौकाघाट, तहबाजारी, पड़ाव अड्डा, बालू, मोरंग के बकायेदारों को सादर अवगत करना है कि शीघ्रातिशीघ्र माननीय पंचायती राज समिति/शासन के निर्देशों के अनुक्रम में जिला पंचायत कौशाम्बी के जिलानिधि में संदर्भित धनराशि जमा कराना सुनिश्चित करें।
शशि चन्द्र यादव, अभियन्ता, जिला पंचायत - कौशाम्बी
डॉ. वीरेन्द्र बहादुर, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत - कौशाम्बी
कल्पना सोनकर, अध्यक्ष, जिला पंचायत - कौशाम्बी
पत्रांक : 858 (3) जिला पंचायत कौशाम्बी/ईट-भट्ठा/2021-22 दिनांक 29 दिसम्बर 2021

समस्त जनपद वासियों को नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
हिन्दुस्तान अर्थ मूवर्स एसोसिएशन कौशाम्बी
(जेसीबी यूनियन कौशाम्बी)
अवधेश नारायण शुक्ला, जेसीबी यूनियन जिला अध्यक्ष
विजय कुमार, जेसीबी यूनियन जिला उपाध्यक्ष

जय जवान जय किसान मंच
2022 की मंगल कामनायें
जुड़ेगा किसान... उठेगा जवान...
अजय सोनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष-समर्थ किसान पार्टी
सुशील जयहिन्द, हाईकोर्ट इलाहाबाद, मो० : 9554247342, 9839389073

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू नव जीवन हास्पिटल
डॉ. ब्रिजेश कुमार जायसवाल (एम.बी.बी.एस.)
24 घण्टे आपात कालीन सेवा उपलब्ध है।
कूरा पेट्रोल पम्प के सामने, बेनीराम कटरा, सराय अकिल, जनपद - कौशाम्बी

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
जय प्रकाश उर्फ जैकी
जिलाध्यक्ष, अपना दल कमेरिवादी
जनपद - कौशाम्बी

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार मिश्रा
ग्राम प्रधान
ऐगवा उपरहार, जनपद-कौशाम्बी

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्वकर्मा फर्नीचर
नोटः हमारे यहाँ बेड सोफा श्रृंगार दान एंव फाइबर दरवाजे केमिकल डोर मैटी ओटो फिवल ग्रास एल्युमिनियम पार्टीशन एंव सिंगल विंडोज
भगवतीगंज, सराय अकिल, जनपद - कौशाम्बी

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीवनी हास्पिटल
सराय अकिल, जनपद - कौशाम्बी
डॉ. मनीषा चौधरी (एम.बी.बी.एस., डीजीओ)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ,महिला नसबन्दी निःशुल्क
24 घण्टे आपात कालीन सेवा उपलब्ध है।

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
राम किशन हास्पिटल एवं जन सेवा समिति
बेनीराम कटरा, सराय अकिल, जनपद-कौशाम्बी
डॉ. एस. पी. सिंह, डायरेक्टर
24 घण्टे आपात कालीन सेवा उपलब्ध है।

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश कुमार उपाध्याय
बिगहरा नेवादा
जनपद कौशाम्बी

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
सार्थक द्विवेदी
चित्रकूट किसान सेवा केन्द्र
कनैली, जनपद - कौशाम्बी

जय भीम। जय भारत।।
Happy New Year
बी.एस.पी. की क्या पहचान नीला झण्डा हांथी निशान
बहुजन समाज पार्टी जिन्दाबाद
सुश्री बहन कु0 मायावती जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष बसपा, पू0 मुख्यमंत्री उ0प्र0
मा0 सतीश चन्द्र मिश्रा जी, राष्ट्रीय महासचिव, बसपा
सन्तोष गौतम, घनश्याम गौतम, के.एल. गौतम
मिशन 2022
आप समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभारी प्रत्याशी 251 वि.स. सिराथू, कौशाम्बी
सन्तोष त्रिपाठी
निवेदक : समस्त विधान सभा यूनिट, 251 वि.स. सिराथू, कौशाम्बी